राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 12 अंकः 82 पृष्ठः 12 RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com हिमाचल संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

## रोगों और शोक को नष्ट करती है माता कुष्मांडा



मां कुष्मांडा की उपासना से भक्तों के समस्त रोग-शोक मिट जाते हैं। इनकी भक्ति से आयु, यश, बल और आरोग्य की वृद्धि होती है। मां कुष्मांडा अत्यल्प सेवा और भक्ति से प्रसन्न होने वाली हैं। यदि मनुष्य सच्चे हृदय से इनका शरणागत बन जाए तो फिर उसे अत्यन्त सुगमता से परम पद की प्राप्ति हो सकती है। अपनी मंद, हल्की हंसी के द्वारा अंड यानी ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इस देवी को कुष्मांडा नाम से पुकारा जाता है। जब सृष्टि नहीं थी, चारों तरफ अंधकार ही अंधकार था, तब इसी देवी ने अपने ईष हास्य से ब्रह्मांड की रचना की थी। इसीलिए इसे सृष्टि की आदिस्वरूपा या आदिशक्ति कहा गया है। इस देवी की आठ भुजाएं हैं, इसलिए ये अष्टभुजा कहलाईं। इनके सात हाथों में कमण्डल, धनुष, बाण, कमल-पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्र तथा गदा हैं।

## कोरोना के बाद वीजा आवेदकों की संख्या 80% बढ़ी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कोरोना** महामारी के बाद दिल्ली से वीजा के लिए आवेदन करने वालों की संख्या में 80% का इजाफा हुआ है। कोरोना के बाद अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं को खोलने और कोविड से संबंधित प्रोटोकॉल में ढील के बाद 2022 में नई दिल्ली से वीजा आवेदन लगभग महामारी से पहले के स्तर पर आ गए। वीएफएस ग्लोबल के अनुसार, 2022 में नई दिल्ली से वीजा आवेदन का प्रमाण साल 2019 यानी महामारी के पहले के स्तरों के 80% के करीब पहुंच गया। अगर 2021 से उसकी तुलना करें, तो उसमें 93% की वृद्धि दर्ज की गई है। वीएफएस ग्लोबल के मुख्य परिचालन अधिकारी (दक्षिण एशिया) सेन के मुताबिक, भारत से वीजा के लिए 2022 में बेमिसाल मांग देखने को मिली है।

## लव जिहाद के पीछे किसी तरह की साजिशः देवेंद्र



**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**
**महाराष्ट्र** के उप-मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने लव जिहाद को साजिश बताया है। उन्होंने लव जिहाद पर आशंका जाहिर करते हुए कहा कि इसके पीछे किसी साजिश नजर आती है। फडणवीस विधान परिषद में भाजपा नेता गोपीचंद पाडलकर के अटेंशन मोशन का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों पर सख्त कानून बनाने की जरूरत है।

**फडणवीस बोले- हम इसे नजर अंदाज नहीं कर सकते:** डिप्टी सीएम राज्य के गृह मंत्री भी हैं। उन्होंने विधान परिषद में कहा कि ऐसा लगता है कि इस तरह (लव जिहाद) की घटनाओं के पीछे किसी प्रकार की साजिश है। इसे लेकर बहुसंख्यक समाज ने भी कई रैलियां की हैं। हम इसे नजरअंदाज नहीं कर सकते। उनकी मांगों पर संज्ञान लेने की जरूरत है।

## अमृतपाल के साथियों को भेजा गया डिब्रूगढ़



**टीम एक्शन इंडिया/लुधियाना**
**वारिस** पंजाब दे के चीफ अमृतपाल सिंह की हिमायत कर रहे उसके करीब 5 साथियों को पंजाब पुलिस ने असम की डिब्रूगढ़ की जेल में भेज दिया है। इन्हें जेल भेजने के दो कारण सामने आए हैं। पहला कारण यह है कि ये आरोपी जेल ब्रेक कर सकते थे। यदि पंजाब में जेल ब्रेक होती तो पुलिस की कार्यशैली पर बड़ा सवाल उठ जाता। वहीं, दूसरा कारण अजनाला जैसी घटना का होना। आरोपियों को छुड़वाने के लिए एक बार फिर से अजनाला जैसी हिंसा हो सकती थी। अमृतपाल के गिरफ्तार साथियों को छुड़वाने के लिए फिर से जेल या थानों की घेराबंदी होने का डर था। ऐसे में 5 साथियों को डिब्रूगढ़ जेल भेजा गया।

# राहुल की सांसदी गई

### मोदी सरनेम वाले मानहानि केस में सूरत कोर्ट से 2 साल कैद की सजा, भारत की आवाज के लिए लड़ रहे हैं और इसके लिए हर कीमत चुकाने को तैयार हैंः राहुल गांधी

**कांग्रेस को झटका**

= कांग्रेस नेता राहुल गांधी की संसद सदस्यता शुक्रवार दोपहर करीब 2.30 बजे रद्द कर दी गई



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राहुल** गांधी पहली बार 2004 में अमेठी से जीतकर लोकसभा पहुंचे थे। इसके बाद 2009 और 2014 में भी अमेठी से जीते। 2019 का चुनाव वह अमेठी से हार गए थे, लेकिन केरल के वायनाड से जीत गए थे। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की संसद सदस्यता शुक्रवार दोपहर करीब 2.30 बजे रद्द कर दी गई। वह केरल के वायनाड से लोकसभा सदस्य थे। लोकसभा सचिवालय ने पत्र जारी कर इस बात की जानकारी दी है। मानहानि केस में सूरत की कोर्ट ने गुरुवार दोपहर 12.30 बजे उन्हें 2 साल की सजा सुनाई थी। हालांकि, 27 मिनट बाद उन्हें जमानत मिल गई थी। राहुल गांधी ने 2019 में कर्नाटक की सभा में मोदी सरनेम को लेकर बयान दिया था। उन्होंने कहा था- सभी चोरों का सरनेम मोदी क्यों होता है। सुप्रीम कोर्ट ने 11 जुलाई 2013 को अपने फैसले में कहा था कि कोई भी सांसद या विधायक निचली अदालत में दोषी करार दिए जाने की तारीख से ही संसद या विधानसभा की सदस्यता के लिए अयोग्य घोषित हो जाएगा। कोर्ट ने लिली थॉमस बनाम भारत सरकार के केस में यह आदेश दिया था। इससे पहले कोर्ट का आखिरी फैसला आने तक विधायक या सांसद की सदस्यता खत्म नहीं करने का प्रावधान था। लीगल एक्सपर्ट के मुताबिक लोकसभा सचिवालय ने राहुल गांधी की संसदीय सीट वायनाड को खाली घोषित कर दिया है। इलेक्शन कमीशन अब इस सीट पर इलेक्शन का ऐलान कर सकता है। दिल्ली में राहुल गांधी को सरकारी बंगला खाली करने को भी कहा जा सकता है। अगर राहुल गांधी की सजा का फैसला ऊपरी अदालतें भी बरकरार रखती हैं तो वे अगले 8 साल तक चुनाव भी नहीं लड़ पाएंगे। 2 साल की सजा पूरी करने के बाद वह छह साल के लिए अयोग्य रहेंगे। राहुल गांधी अब सूरत कोर्ट के फैसले को ऊपरी अदालत में चुनौती दे सकते हैं।

### 10 साल पहले अध्यादेश फाड़ा था, वही बना फांस

2013 में जब सुप्रीम कोर्ट ने फैसला दिया था कि सांसद/विधायक को 2 साल या उससे ज्यादा की सजा मिलने पर उसकी सदस्यता तत्काल प्रभाव से खत्म हो जाएगी। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ मनमोहन सरकार एक अध्यादेश लाई थी, जिससे सुप्रीम कोर्ट का फैसला निष्प्रभावी हो जाए। 24 सितंबर 2013 को कांग्रेस सरकार ने अध्यादेश की खूबियां बताने के लिए एक प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई थी। इसी प्रेस कॉन्फ्रेंस में राहुल गांधी ने पहुंचकर कहा था- ये अध्यादेश बकवास है और इसे फाड़कर फेंक देना चाहिए। उन्होंने अध्यादेश की कॉपी को फाड़ दिया था।

### राहुल की लोकसभा सदस्यता क्यों गई

2019 लोकसभा चुनाव से पहले कर्नाटक के कोलार में एक रैली के दौरान राहुल गांधी ने कहा था, 'चोरों का सरनेम मोदी है। सभी चोरों का सरनेम मोदी क्यों होता है, चाहे वह ललित मोदी हो या नीरव मोदी हो चाहे नरेंद्र मोदी।' इसके बाद सूरत पश्चिम के बीजेपी विधायक पूर्णेश मोदी ने राहुल के खिलाफ मानहानि का केस किया था।

उनका कहना था कि राहुल गांधी ने हमारे पूरे समाज को चोर कहा है और यह हमारे समाज की मानहानि है। इस केस की सुनवाई के दौरान राहुल गांधी तीन बार कोर्ट में पेश हुए थे।

### कांग्रेस ने चलाया कैंपेन- डरो मत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कांग्रेस** समेत 14 विपक्षी दलों ने पहले संसद और फिर दिल्ली की सड़कों पर प्रोटेस्ट किया। विपक्षी दलों ने विजय चौक तक मार्च निकाला। जो पोस्टर विपक्षी सांसदों ने लिए थे, उन पर लिखा था- लोकतंत्र खतरे में है। सदस्यता रद्द करने के फैसले के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि लोकतंत्र की हिफाजत के लिए हमें जेल भी जाना पड़ा तो जाएंगे।

## काशी में पीएम ने किया रोप-वे का शिलान्यास

### 8 साल पहले लोग कहते थे कि बनारस में बदलाव नहीं हो पाएगा

**सौगात**

= 1800 करोड़ के 28 से ज्यादा प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास और लोकार्पण किया। अंतर्राष्ट्रीय स्तर का स्टेडियम भी शामिल है।



**टीम एक्शन इंडिया/वाराणसी**
**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी शुक्रवार को वाराणसी में थे। संपूर्णानंद विश्वविद्यालय में उन्होंने देश के पहले रोप-वे के साथ ही 1800 करोड़ के 28 से ज्यादा प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इसमें सिगरा का अंतर्राष्ट्रीय स्तर का स्टेडियम भी शामिल है। इस दौरान पीएम ने कहा, "बनारस के जाम से डरने वालों के लिए रोप-वे अच्छी चीज है। रोप-वे बनने के बाद बनारस कैंट रेलवे स्टेशन और काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के बीच की दूरी बस कुछ मिनट की रह जाएगी।

कैंट से गोदौलिया के बीच जाम की भी समस्या काफी कम हो जाएगी। लोग बनारस घूमना चाहते हैं, मगर सोचते हैं कि इतना जाम में हम क्या घूमे। रोप-वे बन जाने से उनका बनारस घूमना सहज हो जाएगा।"

**बनारस के लौंगलता से लेकर कचौड़ी तक की चर्चा:** पीएम ने कहा, "एक साल के भीतर 7 करोड़ से ज्यादा पर्यटक काशी आए। ये लोग बनारस में ही ठहरे। यहां की गली में पुरी, कचौड़ी, लौंगलता, लस्सी, ठंडई, बनारसी पान का आनंद लिया।" पीएम ने कहा कि जब काशी के लोगों ने 9 साल पहले विकास का संकल्प लिया था।

## 'बहू को घर के काम के लिए कहना क्रूरता नहीं'

**हैदराबादः** आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट ने दहेज के केस में फैसला सुनाते हुए कहा कि एक सास अगर अपनी बहू को घरेलू काम में निपुण होने के लिए कहती है, तो आईपीसी की धारा 498ए के तहत इसे क्रूरता नहीं कहा जाएगा। आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट एक मां और उसके बेटे की अपील पर सुनवाई कर रही थी। इन दोनों को बहू की दहेज हत्या में दोषी ठहराया गया था। अप्रैल 2008 में शादी के 8 महीने के अंदर ही महिला की मौत हो गई थी। लड़की के माता-पिता ने आरोप लगाया था कि उनकी बेटी के साथ क्रूरता की गई। साथ ही बेटी की शादी की तुलना परिवार के अन्य बेटों के शादी समारोह से की थी।

## सीबीआई, ईडी के दुरुपयोग का आरोप, विपक्ष पहुंचा सुप्रीम कोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सीबीआई,** ईडी के दुरुपयोग के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट आगामी पांच अप्रैल को सुनवाई करेगा। बता दें कि 14 राजनीतिक पार्टियों ने इसे लेकर याचिका दायर की थी। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी की प्रविष्टियों को नोटिस करते हुए याचिका पर सुनवाई के लिए पांच अप्रैल की तारीख तय की है। बता दें कि याचिका दाखिल करने वाली राजनीतिक पार्टियों में डीएमके, भारत राष्ट्र समिति, तृणमूल कांग्रेस भी शामिल हैं।

**05 अप्रैल को सुनवाई**

= याचिका दाखिल करने वाली राजनीतिक पार्टियों में डीएमके, भारत राष्ट्र समिति, तृणमूल कांग्रेस भी शामिल हैं

**याचिका में राजनीतिक पार्टियों ने की ये मांग:** याचिका में मांग की गई है कि केंद्रीय जांच एजेंसियों जैसे सीबीआई और ईडी द्वारा गिरफ्तारी के लिए गाइडलाइंस जारी करने की मांग की है। सिंघवी ने कहा कि 95 प्रतिशत मामले विपक्षी नेताओं के खिलाफ हैं।

## प्रतिबंधित संगठन का सदस्य होना भी अपराधः सुप्रीम कोर्ट



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सुप्रीम** कोर्ट ने शुक्रवार को गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) कानून के तहत प्रतिबंधित संगठनों की सदस्यता पर अपने ही 12 साल पुराने फैसले को गलत करार दिया। कोर्ट केंद्र और असम सरकार की रिव्यू पिटीशन पर फैसला सुना रहा था। जस्टिस एमआर शाह, सीटी रविकुमार और संजय करोल की बेंच ने 2011 में दिए फैसले को खारिज कर दिया। बेंच ने कहा कि यदि कोई प्रतिबंधित संगठन का सदस्य है तो उसे अपराधी मानते हुए यूएपीए (अनलॉफुल एट्रॉसिटीज प्रिवेंशन एक्ट) के तहत कार्रवाई की जा सकती है। यानी उसके खिलाफ भी मुकदमा चलेगा। कोर्ट ने 8 फरवरी को रिव्यू पिटीशन पर सुनवाई शुरू की थी और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता, सीनियर एडवोकेट संजय पारिख को सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था।

## विधायक संस्थान को मजबूत बनाने के लिए बनेगी कमेटी



**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/चमन शर्मा**
**मुख्यमंत्री** सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि विधायक संस्थान को मजबूत बनाने और विधायकों की गरिमा को बनाए रखने के लिए जल्द ही वरिष्ठ विधायकों की एक कमेटी का गठन किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस विधायक भवानी सिंह पठानिया द्वारा पॉइंट ऑफ बॉर्डर के माध्यम से उठाए गए मामले के जवाब में कमेटी का गठन किए जाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार विधानसभा सचिवालय की मजबूती के लिए काम करेगी और कैसे विधायकों का मान सम्मान बना रहेए इस पर यह कमेटी काम करेगी और अपनी रिपोर्ट तैयार तैयार करेगी। उन्होंने कहा कि सभी की अपनी गरिमा है और सब की गरिमा का सम्मान करना सबका कर्तव्य है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विधायक कोई भी हो विधानसभा सचिवालय के तहत आता है। उनकी सुविधा का ख्याल रखना विधानसभा सचिवालय का दायित्व है। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति कड़ी मेहनत के बाद चुनाव जीतकर विधायक बनता है। उसका मान सम्मान बना रहे यह भी बेहद जरूरी है।सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि एक विधायक की गरिमा का कम होनाए विधानसभा सचिवालय के कमजोर होने के बराबर है। न्यायपालिका की अत्यधिक सक्रियता को गलत करार दिया और कहा कि इस कारण विधायकों के कार्यों में दखल दिया जा रहा है।

## कोरोना के दौरान रिहा कैदियों को आत्मसमर्पण करने का आदेश

**नई दिल्लीः** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को निर्देश दिया है कि सभी दोषी और विचाराधीन कैदियों, जिन्हें कोरोना महामारी के दौरान जेलों से रिहा किया गया था, उन्हें 15 दिनों के भीतर आत्मसमर्पण करना होगा। जस्टिस एमआर शाह और जस्टिस सीटी रविकुमार की पीठ ने ये भी कहा कि विचाराधीन कैदी, जिन्हें महामारी के दौरान इमरजेंसी की हालत में रिहा किया गया था, अब संबंधित अदालत में जमानत पर रिहा करने की याचिका दाखिल कर सकते हैं।

**खतरनाक मंसूबे** नक्शा-झंडा-करेंसी और फौज के साथ क्लोज प्रोटेक्शन टीम भी बना ली थी

## अमृतपाल की अलग देश खालिस्तान बनाने की पूरी तैयारी थी



**टीम एक्शन इंडिया/अमृतसर**
**वारिस** पंजाब दे के चीफ खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह के बारे में पुलिस ने नए दावे किए हैं। उसका कहना है कि अमृतपाल ने अलग देश खालिस्तान बनाने की पूरी तैयार कर ली थी। उसके पास से खालिस्तान की करेंसी, झंडा और नक्शा भी मिला है। खन्ना पुलिस की एसएसपी अमनीत कौंडल ने शुक्रवार को बताया कि अमृतपाल सिंह के गनर तजिंदर सिंह उर्फ गोरखा बाबा ने ये सारे खुलासे किए हैं। कौंडल का कहना है कि इन लोगों ने खालिस्तान का नया झंडा, अलग करेंसी और सिख रियासतों के झंडे तक बना लिए थे। प्राइवेट आर्मी आनंदपुर खालसा फौज के अलावा एक क्लोज प्रोटेक्शन टीम भी बनाई थी। एकेएफ के हर व्यक्ति को स्पेशल नंबर अलॉट किया गया था। खालिस्तान बनाने के लिए अमृतपाल सिंह की हथियारबंद संघर्ष शुरू करने की तैयारी थी। 2 वॉट्सऐप ग्रुप बनाए गए थे। आनंदपुर खालसा फौज वाले ग्रुप में नए लड़कों को जोड़कर उकसाया जाता था। दूसरा ग्रुप अमृतपाल टाइगर फोर्स के नाम से था, जिसमें सिर्फ अमृतपाल के करीबी ही मेंबर थे।

**फायरिंग रेंज भी बना ली थी, पूर्व फौजी दे रहे थे ट्रेनिंग:** पुलिस का कहना है कि अमृतपाल के गनर के मोबाइल से फायरिंग रेंज का एक वीडियो भी मिला है। जिसमें पूर्व फौजी हथियार चलाने की ट्रेनिंग देते दिख रहे हैं। यह फायरिंग रेंज अमृतपाल के गांव जल्लूपुर खेड़ा में बनाई गई थी। पुलिस ने यह वीडियो जारी किया है। इसमें दिख रहा है कि अमृतपाल के साथ रहने वाले फायरिंग की प्रैक्टिस कर रहे हैं।




# राहुल गांधी को सूरत कोर्ट द्वारा मानहानि केस में 2 साल की सजा सुनाए जाने को लेकर कांग्रेस ने किया धरना प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया/सोलन/मनीष**
सूरत कोर्ट द्वारा राहुल गांधी को मानहानि केस में 2 साल की सजा सुनाए जाने को लेकर दिल्ली से लेकर हिमाचल में शुक्रवार को प्रदर्शन किए गए और सोलन में भी इसको लेकर जिला स्तर पर जिला कांग्रेस द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया। शहर के ओल्ड बस स्टैंड पर जिला कांग्रेस के कार्यकताओं ने इक्कठे होकर राहुल गांधी के पक्ष में नारेबाजी की और केंद्र की सरकार को जगाने का प्रयास किया कि वे लोकतंत्र की हत्या ना करें। कांग्रेस पार्टी राहुल गांधी को लेकर आए कोर्ट के फैसले को राजनीति से प्रेरित बता रही है।कांग्रेस जिलाध्यक्ष शिवकुमार ने प्रदर्शन के दौरान अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष सांसद राहुल गांधी पर मानहानि के एक मामले में सजा देने के फैसले को दुर्भाग्यपूर्ण बताया हैं। उन्होंने कहा है कि राहुल गांधी सच की लड़ाई लड़ रहे हैं। सच की हमेशा जीत होती हैं। पूरी कांग्रेस राहुल गांधी के साथ



खड़ी हैं। अन्याय के खिलाफ न्याय की लड़ाई जारी रहेगी। उन्होंने कहा है कि इस फैसले के खिलाफ ऊपरी अदालत में गुहार लगाई जाएगी और राहुल गांधी निर्दोष साबित होंगे। शिवकुमार ने कहा कि कन्याकुमारी से कश्मीर तक पैदल चलकर

## न्यायपालिका का दुरूपयोग कर राहुल गांधी को दिलाई सजा: गुरु शरण परमार

**टीम एक्शन इंडिया/जोगिंद्रनगर/संगराय**
राहुल गांधी को दो साल की सजा के निर्णय के खिलाफ जोगिंद्रनगर कांग्रेस कार्यकताओं के द्वारा रैली निकालकर शहर में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष गुरु शरण परमार ने कांग्रेय कार्यकताओं को परमार ने संबोधित करते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी न्यायपालिका को उनके मनमुताबिक निर्णय सुनाने के लिये मजबूर कर रहे हैं जो कि इस देश के लोकतंत्र के लिये अच्छा संकेत नहीं है। उन्होने कहा 2019 में मोदी उपनाम वाले ब्यान पर अब 2023 में आकर लगा कि यह इतना बड़ा जुर्म है कि उनको दो साल की सजा सुनाई गई। आज मोदी जी अभिव्यकति की आजादी को छीनकर लोकतंत्र का गला घोंटना चाहते हैं। चुनावों के समय प्रधानमंत्री भी पद की गरिमा को भुलाते हुए कई कुछ कह जाते हैं उन सब बातों को देख कर तो मैं समझता हूँ कि उन्हें भी इस कानून के दायरो में आना चाहिए।

भारत जोड़ो यात्रा कर देश की नब्ज को टटोलने वाले राहुल गांधी की लोकप्रियता को देखते हुए आज विपक्ष के बड़े नेता उनके खिलाफ षड्यंत्र कर रहे हैं और उनकी लोकप्रियता को कम करना चाहते हैं लेकिन उनकी लोकप्रियता कम नहीं होने वाली है पूरा देश जानता है कि कौन लोकतंत्र की हत्या करना चाहता है और कौन सच की आवाज को दबाना चाहता है। उन्होंने कहा कि देश की बात करने वाले राहुल गांधी से आज भाजपा के नेता डरे हुए हैं ऐसे में उनके खिलाफ लगातार षड्यंत्र किया जा रहा है ताकि उनकी लोकप्रियता देश में ना पढ़ सके।

## खाई में गिरी कार, एक की मौत, दो घायल

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**
हिमाचल में सडक हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। मामला जिला सिरमौर के पच्छाद के मानगढ़ मार्ग पर डिंगर गांव का है, यहां एक कार अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई है। हादसे में एक की मौत हो गई है व अन्य 2 घायल हुए हैं। मृतक की पहचान सचिन निवासी मानगढ़ के बगड़ और घायलों की पहचान ललित और चमन प्रकाश निवासी मानगढ़ के रूप में हुई है। वहीं पुलिस ने घटना के संदर्भ में मामला दर्ज कर आगामी कार्यवाही शुरू कर दी है।जानकारी के मुताबिक, तीनों युवक स्विफ्ट कार एचपी-14ए-2144 में सवार होकर नारग में मां नगर कोटी जिला स्तरीय मेले के समापन अवसर पर लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह के कार्यक्रम से वापस अपने घर की



ओर लौट रहे थे।इस दौरान जैसे ही गाड़ी मढ़ीघाट-जयहर-मानगढ़ मार्ग पर डिंगर गांव के पास पहुंची तो चालक गाड़ी से संतुलन खो बैठा जिस कारण गाड़ी अनियंत्रित होकर सडक से लुढक कर 200 मीटर नीचे खाई में जा गिरी।जब स्थानीय लोगों ने गाड़ी को दुर्घटनाग्रस्त खाई में देखा तो उन्होंने बचाव व राहत का कार्य करते हुए तीनों को गाड़ी से बाहर निकाला और तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद तीनों युवकों को पीजीआई चंडीगढ़ रेफ र किया परंतु घावों का ताव न सहते हुए सचिन ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया।

## उपायुक्त कुल्लू की अध्यक्षता में जिला रेडक्रॉस सोसायटी प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**
उपायुक्त कुल्लू आशुतोष गर्ग की अध्यक्षता में गत दिवस को जिला रेडक्रॉस सोसायटी प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में वर्ष 2023-24



के बजट अनुमान को भी पारित किया गया वर्ष 2023-24 के लिए 2 करोड 60 लाख रुपये का बजट अनुमान रखा गया है। उपायुक्त ने बताया कि जिले में आशा वर्करों द्वारा बेड रिडन शय्याग्रस्त मरीजों का सत्यापन किया गया है। जिसके तहत जिले में वर्तमान में 129 शय्याग्रस्त मरीज है। बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी शय्याग्रस्त मरीजों का विकलांगता कार्ड बनाया जाएगा। इसके लिए इन्हें अस्पताल में मेडिकल बोर्ड से जांच करवाने के लिए निशुल्क रोगी वाहन उपलब्ध करवाया जाएगा, ताकि इनका विकलांगता कार्ड बनाया जा सके। बैठक इन मरीजों को प्रदेश व केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने की संभावनाएं भी तलाशने के निर्देश दिये। बैठक में इन मरीजों को सहारा योजना के तहत लाने के प्रयास करने का भी निर्णय लिया।उपायुक्त ने बताया कि बेडसों से पीड़ित मरीजों को रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा निशुल्क एयर मैट्रेस उपलब्ध करवाए जाएंगे। बैठक में जिले के सभी स्वास्थ्य खण्डों में चिकित्सा जांच शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया। बैठक में रेडक्रॉस भवन की दूसरी मंजिल पर के निर्माण का भी निर्णय लिया गया है ताकि इसे किराए पर देखकर सोसाइटी की आय को बढ़ाया जा सके।बैठक में उपमंडल स्तर पर रेड क्रॉस भवन का निर्माण करने पर भी सहमति जताई गई तथा इन भवनों में शॉपिंग कॉमपलेक्स इत्यादि बनाने का भी निर्णय लिया गया।

## 25 मार्च सांय 5 बजे तक कोष कार्यालय में प्रस्तुत किए जा सकेंगे बिल

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**
जिला समाहर्ता एवं उपायुक्त डीसी राणा ने वित्त वर्ष 2022-23 की अंतिम तिमाही के दौरान सभी आहरण एवं वितरण अधिकारियों के लिए आदेश जारी किए हैं।
जारी आदेश के अनुसार 25 मार्च सांय 5 बजे तक निर्धारित प्रक्रिया पूर्ण करते हुए कोषागार में विभागीय बिल प्रस्तुत करने की तिथि निर्धारित की गई है। इसी तरह जनजातीय क्षेत्रों में 29 मार्च शाम 5 बजे तक



कोषागार कार्यालयों में बिल जमा करवाए जा सकेंगे। निर्धारित की गई तिथियों के पश्चात सभी कोष कार्यालय में बिल स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

## भारत सरकार प्रत्येक क्षय रोगी को उपचार के लिए 500 रु प्रति माह देती है: कौल सिंह ठाकुर

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**
विश्व क्षय रोग दिवस पर जिला मंडी के जोनल अस्पताल में जागरूकता रैली निकाली गई। जागरूकता रैली को कांग्रेस के पूर्व मंत्री वरिष्ठ नेता ठाकुर कौल सिंह ने हरी झंडी देकर रवाना किया। इस रैली में नर्सिंग की प्रशिक्षुओं और आईटीआई के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस दौरान कांग्रेस के पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ ठाकुर कौल सिंह ने कहा कि भारत सरकार द्वारा प्रत्येक क्षय रोगी को उनके उपचार के दौरान 500 रु. प्रति माह निक्षय पोषण योजना के तहत दिया जाता है। इसके तहत 1 अप्रैल 2018 से

**8 विश्व क्षय रोग दिवस पर जिला मंडी के जोनल अस्पताल में जागरूकता रैली निकाली गई**

लेकर अभी तक जिला मंडी द्वारा रु. 3,72,89,000 का भुगतान क्षय योगियों को किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि निक्षय पोषण योजना के अतिरिक्त सभी एमडीआर रोगियों को हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा 1500 रु. प्रति माह दिया जाता है। जिसके तहत आज तक उन्नीस लाख 52 हजार का भुगतान किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि क्षय रोग की जाँच करने के लिए जिला मंडी में 2 सीबीएनएकेटी मशीनें जो कि जोनल अस्पताल मंडी और लाल बहादुर शास्त्री राजकीय मेडिकल कॉलेज नेरचौक में स्थापित है।
तथा 6 ट्रू नेट मशीनें जो कि जोनल अस्पताल मंडी, श्री लाल बहादुर शास्त्री राजकीय मेडिकल कॉलेज नेरचौक, नागरिक चिकित्सालय करसोग, नागरिक चिकित्सालय धर्मपुर, नागरिक चिकित्सालय जोगिन्दर नगर तथा नागरिक चिकित्सालय कटौला में स्थापित की गई है। इन मशीनों द्वारा क्षय रोग की जाँच के साथ साथ मरीजों की दवाई प्रतिरोधक क्षमता का भी पता लगाया जाता है।

## नगर परिषद अब पक्का टैंक के किनारे बनाएगी पर्किंग इमारत



**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**
ऐतिहासिक पक्का तालाब के किनारे नगर परिषद के नए कार्यालय की बहुमंजिला इमारत का निर्माण जारी है। इमारत पर करीब चार करोड़ का बजट होगा। दो सालों से दो मंजिला पार्किंग निर्माण कार्य चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार नगर परिषद अब इस इमारत की तीसरी मंजिल पर मैरिज हॉल बनाने का प्रस्ताव परित कर चुकी है। ड्राईंग के अनुसार तीसरी मंजिल पर भारी संख्या में दुकाने आदि बनाई जानी थी। लेकिन परिषद ने इस मामले में अपना फैसला बदल कर दुकाने किराए पर लेने वालों की उम्मीदों पर पानी फैर दिया है। कांगेस भाजपा के कई नेताओं को नप का यह फैसला रास नही आया है। बहराल यह सब भविष्य में तय होना है। कांगेस सरकार का रूख क्या होगा इस पर भी निर्भर करेगा। उधर बहुमंजिला इमारत की पार्किंग का निर्माण पिछले कई महीनों से धीमी गति से चल रहा है मिली जानकारी के अनुसार यह सब नप प्रशासन की अनदेखी के चलते हो रहा है क्योंकि निर्माण कार्य में लगे ठेकेदार को लाखों का भुगतान नही किया गया है। गौरतलब है कि भाजपा शासन में पौणे 4 करोड रुपए की लागत से बनने वाली इस बहुमंजिला इमारत का शिलान्यास मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर में किया था। नगर परिषद में यह कहकर निर्माण कार्य शुभ करवाया था कि यह सीएम प्राथमिकता के तहत प्रोजेक्ट लाया गया लेकिन निर्माण कार्य 1 साल बाद शुरू हुआ। जानकारी के अनुसार पार्किंग का निर्माण नवंबर 2000 में शुरू किया गया। जिस का ढ़ीली गति से निर्माण चल रहा है उसे नहीं लगता कि पार्किंग की सुविधा लोगों को कब मिलेगी।

## राहुल गांधी को सजा सुनाए जाने के विरोध में जिला मुख्यालय में धरना प्रदर्शन

टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद
कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद राहुल गांधी को सूरत न्यायालय द्वारा दो वर्ष की जेल की सजा सुनाए जाने के विरोध मे शुक्रवार को चम्बा जिला मुख्यालय मे कांग्रेस पार्टी द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया। इस दौरान केंद्र सरकार द्वारा विभिन्न उपकरणों का प्रयोग करके विपक्ष की आवाज को दबाने को लेकर समस्त कांग्रेस पदाधिकारियों केंद्र सरकार के विरुद्ध खूब हल्लाबोल किया। इस दौरान कांग्रेस सेवादल के ब्लॉक अध्यक्ष भूपेंद्र शर्मा उर्फ राजू ने कहा कि इस मामले को लेकर राहुल गांधी को जेल की सजा देना बिलकुल न्यायसंगत नहीं हैं। वहीं जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव नरेश राणा ने भी इस पूरे प्रकरण को



लेकर केंद्र सरकार के रूख की आलोचना की। वहीं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष करतार सिंह ठाकुर ने भी शिमला से जारी ब्यान मे कहा कि 2024 मे लोकसभा चुनावों को लेकर केंद्र सरकार की नींद उड़ी हुई है। इसलिए विपक्ष की आवाज को दबाने का खूब प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के कार्यकाल मे बेरोजगारी और मंहगाई चरम पर है लेकिन केंद्र सरकार मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है। वहीं जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष कमल सिंह ठाकुर ने भी अपने ब्यान मे पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष को जेल की सजा को लेकर केंद्र की निंदा की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी का हर कार्यकर्ता राहुल गांधी के साथ है। इस धरना प्रदर्शन के दौरान जिला कांग्रेस महासचिव नरेश राणा, कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष भूपेंद्र शर्मा उर्फ राजू, ब्लॉक महासचिव दीपक कुमार, युकां अध्यक्ष अनिल राणा, दर्शन कुमार, पूर्व प्रधान धर्मपाल, नेक राज व विकास कैला मौजूद रहे।

## राहुल गांधी लड़ रहे हैं सच की लड़ाई: कौल सिंह ठाकुर

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**
राहुल गांधी पर मानहानि के एक मामले में आए निर्णय के खिलाफ शुक्रवार को कांग्रेस ने प्रदेशभर में धरना प्रदर्शन किया। यह धरना प्रदर्शन सभी जिला मुख्यालयों व सभी ब्लॉकों में किया किया गया।
मंडी में कांगेस के वरिष्ठ नेता कौल सिंह ठाकुर की अगुवाई में कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कौल सिंह ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी सच की लड़ाई लड़ रहे हैं। सच की हमेशा जीत होती हैं।



पूरी कांग्रेस राहुल गांधी के साथ खड़ी हैं। अन्याय के खिलाफ न्याय की लड़ाई जारी रहेगी। उन्होंने कहा है कि इस फैसले के खिलाफ ऊपरी अदालत में गुहार लगाई जाएगी और राहुल गांधी निर्दोष साबित होंगे। उन्होंने कहा कि जिस तरह से राहुल गांधी ने ब्रिटेन में डेमोक्रेसी के संदर्भ में जो बयान दिया है कि देश की अर्थव्यवस्था खतरे में है बोलने का मौका नहीं दिया जाता यह सही बयान है
उन्होने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी संसद को चलने नहीं दे रही है और किसी को बोलने नहीं दे रही है जिसके खिलाफ यह विरोध कांग्रेस पार्टी कर रही हैं।

## राहुल गांधी का ओबीसी के बारे में बातें आपत्तिजनक : भाजपा

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**
भाजपा नेता एवं पूर्व मंत्री सुखराम चौधरी और विधायक पवन काजल ने कहा राहुल गाँधी ने चार साल पहले हमारे समाज के खिलाफ सार्वजनिक रूप से जो अपमानजनक बातें की थी। उस संदर्भ में अदालत ने उन्हें जो सजा सुनाई है, हम उसका स्वागत करते हैं। अदालत का फैंसला यह दशार्ता है कि देश का कानून और देश का संविधान सबसे ऊपर है और उसकी नजर में देश के सभी नागरिक समान हैं। अदालत का निर्णय यह भी सिद्ध करता है कि चाहे कोई कितना भी बड़ा क्यों न हो, यदि उसने अपराध किया है तो उसे सजा जरूर मिलेगी। राहुल गाँधी ने ओबीसी समाज के बारे में जो अनर्गल और आपत्तिजनक बातें की थी, उसकी हम सब ने तब भी निंदा की थी, आज भी निंदा कर रहे हैं। लेकिन, अदालत द्वारा सजा सुनाने के बावजूद जिस तरह से राहुल गाँधी और कांग्रेस पार्टी के नेता उन अपमानजनक बातों को सही ठहरा रहे हैं, वह बताने के लिए काफी है कि कांग्रेस पार्टी के नेताओं की मंशा क्या है और ओबीसी समाज सहित सभी ओबीसी समाज के बारे में उनकी सोच क्या है। राहुल गाँधी अभी भी राजशाही सोच से बाहर नहीं निकले हैं। क्या हमारे समाज के खिलाफ



देश के एक बड़े नेता का ऐसा निंदनीय बोलना उन्हें शोभा देता है? क्या यह देश के संविधान का अपमान नहीं है? क्या यह आत्मसम्मान के साथ जीने वाले हम सभी लोगों का अपमान नहीं है? क्या राहुल गाँधी देश से और देश के संविधान से इतने बड़े हो गए हैं कि हमें गाली देने का उन्हें अधिकार मिल गया है? माफ ी मांगना तो दूर, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे सहित कांग्रेस के तमाम नेता जिस तरह से इसे सही ठहराने में जुटे हुए हैं, इससे यह सिद्ध होता है कि वे हमारा अपमान ही अपना नैतिक धर्म समझते हैं। राहुल गाँधी ये मानना छोड़ दें कि वह और उनका परिवार देश से ऊपर है। यदि राहुल गाँधी और देश की जनता को लगता है कि वे देश के संविधान और देश के कानून से ऊपर हैं तो ये उनकी भूल है। राहुल गाँधी जी और कांग्रेस के नेता यदि मानते हैं कि वे अपने ही देश के नागरिक को अपशब्द कह सकते हैं तो हमें भी देश के संविधान ने आपके खिलाफ कोर्ट का दरवाजा खटखटाने का अधिकार दिया है।

## जहां जन, वहीं मंच यह सुक्खू का किरदार, जहां लोग वहीं दरबार

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**
मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने एक बार फि र यह साबित कर दिया की जन समस्याओं के निवारण लिए किसी विशेष मंच की आवश्यकता नहीं। किस्सा आज सुबह का है, रोजमर्रा की तरह आज भी मुख्यमंत्री प्रातः सैर पर थे, कि उन्हें वषार्शालिका में बैठी कुछ महिलाएं दिखीं। हुआ यूं की यह महिलाएं कांगड़ा जिला से रात्रि बस सेवा से अपने दुख-दर्द लेकर यहां पहुंची थी और उन्हें मुख्यमंत्री से मिलने का समय लेना था। उनकी किस्मत कहिए या



मुख्यमंत्री का बड़प्पन, उनसे पूछने पर कि इतनी सुबह यहां कैसे और क्यों, पता चला कि यह सभी ट्रेंड नर्सरी टीचर्स एनटीटी हैं जो अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री से मिलने आई हैं। उनकी मांग थी कि ट्रेंड नर्सरी टीचर्स जो पहले से लगी हुई हैं, उन्हें नौकरी में पहले लिया जाए और प्री-प्राइमरी स्कूल में शीघ्र नर्सरी टीचर्स की भर्ती करवाए जाने के लिए भी आग्रह किया।मुख्यमंत्री ने अपना दरबार वहीं लगा लिया। उनकी बात सुनी भी, अपनी कही भी। यह साबित कर दिया कि समस्याओं के निवारण के लिए किसी विशेष मंच की आवश्कता नहीं, जहां जन, वहीं मंच। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने यह संदेश भी दे दिया की जन सेवा के लिए निष्ठा और लगन की जरूरत होती है न कि किसी विशेष स्थान या मंच की।

## जोगिंद्रनगर के विद्युत उपभोक्ता पेंडिंग बिलो को 28 तक करें भुगतान

**टीम एक्शन इंडिया/जोगिंद्रनगर/संगराय**
जोगिंद्रनगर विद्युत मंडल के अधिशाषी अभियंता गौरव शर्मा ने कहा है कि जोगिंद्रनगर में सरकारी संस्थानों व गैर सरकारी विद्युत उपभोक्ताओं से आग्रह किया है कि वह अपने पेंडिंग बिलों का भुगतान 28 मार्च से पहले कर दें, उन्होंने कहा कि अगर उपभेक्ताओं द्वारा बिलों की अदायगी निर्धारित समय सीमा के अंदर नहीं की गई तो विभाग को उपभोक्ताओं के बिजली के मीटर काटने पर मजबूर होना पडेगा।
गौरव शर्मा ने उपभेक्ताओं से आपेक्षित सहयोग की अपील की है।

# आम लोगों तक पहुंचाएं बैंकों की ऋ ण योजनाएं: जितेंद्र सांजटा

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**
कार्यकारी उपायुक्त जितेंद्र सांजटा ने सभी बैंकों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे जिला में अधिक से अधिक लोगों को बैंकों की ऋ ण योजनाओं से जोडने. की दिशा में कार्य करें, ताकि आम लोग इन योजनाओं का लाभ उठाकर अपनी आर्थिकी मजबूत कर सकें या अपना कारोबार शुरू कर सकें।

जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं बैंक सलाहकार समिति की बैठक में कार्यकारी उपायुक्त ने दिए निर्देश



जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं बैंक सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए जितेंद्र सांजटा ने ये निर्देश दिए। बैठक में वित्तीय वर्ष 2022-23 की तृतीय तिमाही की उपलब्धियों की समीक्षा की गई। कार्यकारी उपायुक्त ने बताया कि तृतीय तिमाही के अंत तक जिला में सभी बैंकों की जमा राशि 12622.67 करोड़ रुपये रही, जबकि ऋ ण राशि लगभग 3051 करोड़ रुपये रही। यानि इस तिमाही के दौरान जिला का ऋ ण-जमा अनुपात 24.17 प्रतिशत रहा। जितेंद्र सांजटा ने बैंक अधिकारियों से कहा कि ऋ ण-जमा अनुपात में सुधार के लिए वे बैंकिंग योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करें तथा पात्र लोगों को उदारता के साथ ऋ ण दें। उन्होंने कहा कि सरकार की विभिन्न सब्सिडी योजनाओं के लाभार्थियों के लिए ऋ ण आबंटन में विलंब नहीं होना चाहिए। अगर किसी लाभार्थी को ऋ ण प्राप्त करने में कोई दिक्कत आ रही है तो बैंक अधिकारी उसका सही मार्गदर्शन भी करें। कार्यकारी उपायुक्त ने कहा कि विभिन्न सब्सिडी योजनाओं के अलावा सरकार ने आम लोगों की सामाजिक सुरक्षा के लिए भी कई योजनाएं आरंभ की हैं, लेकिन जागरुकता के अभाव में लोग इन योजनाओं का लाभ नहीं उठा पाते हैं। इसलिए बैंक शाखाओं में आने वाले लोगों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से भी अवगत करवाया जाना चाहिए। बैठक में किसान क्रेडिट कार्ड, फ सल बीमा, अटल पेंशन, पीएम सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना और कई अन्य योजनाओं की समीक्षा भी की गई। कार्यकारी उपायुक्त ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए जिला की वार्षिक ऋण योजना की लांचिंग भी की।

## पांवटा साहिब में अवैध शराब के खिलाफ वन विभाग ने 2400 लीटर लाहन की नष्ट

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**
पांवटा साहिब के टोका खारा के जंगलों में वन विभाग की टीम ने अवैध शराब बनाने वालों के खिलाफ कार्यवाई करते हुए 2400 लीटर कच्ची शराब के 14 ड्रमों को एवं 10 भयों को नष्ट किया है।जानकारी देते हुए पावंटा डीएफओ ऐश्वर्या राज ने बताया की यह कार्यवाही आज बीओ सुमंत और, फ रॅस्ट गार्ड मुदसर, फ रॅस्ट गार्ड रणबीर, फ रॅस्टगार्ड रतन, फॉरेस्टगार्ड और हरि चंद ने टोका खारा के जंगलो में की गई है। उन्होंने बताया की अक्सर ही खारा के जंगलों में अवैध शराब बनाने वालों का डेरा रहता है। इसलये वन विभाग की नजर अवैध शराब बनाने वालों पर रहती है। पिछले कुछ ही दिनों में वन विभाग की टीम ने लगभग दो दर्जन से ज्यादा भट्टियों को तोड़ा है



और लगभग पांच हजार लीटर लाहन नष्ट की है। वन विभाग के बीओ सुमंत फ रॅस्ट गार्ड मुदसर, फॉरेस्ट गार्ड रणबीर, फॉरेस्टगार्ड रतन,फ रॅस्टगार्ड और हरि चंद ने मौके पर दबिश दी और चार भयों को तोड़ दिया। खेर वन विभाग के अधिकारियों ने स्पष्ट कर दिया है कि कच्ची शराब माफिया के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। इस दौरान डीएफ ओ ऐश्वर्या राज ने पुष्टि करते हुए बताया की वन विभाग की और से आगे भी कर्यवाई जारी रहेगी व वन क्षेत्र में शराब बनाने की इजाजत किसी को नही दी जाएगी।

### न्यूज फ्लैश

## एजुकेशन सोसाइटी चाइल्ड लाइन चंबा द्वारा आउटरीच कार्यक्रम के माध्यम से बाल यौन-शोषण एवं अन्य बाल-संरक्षण मुद्दों हेतु किया जागरूक



**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**
शुक्रव स्टाफ , बच्चों एवं महिलाओं को चाइल्ड लाइन के टोल फ्री नंबर 1098 की विस्तृत जानकारी दी। टीम द्वारा मुफ्त फोन सेवा 1098 के माध्यम से अनाथ अर्ध-अनाथ, स्कूल छोड़ चुके, घर से भागे हुए, मानसिक और शारीरिक शारीरिक रूप से अक्षम, शोषित, अति निर्धन, बाल विवाह से ग्रसित, बाल-मजदूरी से ग्रसित, छेड़छाड़ से पीड़ित व अन्य किसी भी कारण से शोषित बच्चों हेतु चाइल्ड लाइन के माध्यम से दी जाने वाली सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उपस्थित लोगों को पोक्सो अधिनियम के संबंध में भी जागरूक किया गया! लोगों को बताया गया कि यदि किसी के द्वारा नाबालिक बच्चों को बहलाया-फु सलाया जाता है तो इसे किसी भी रूप में नजर अंदाज ना किया जाए। इसके साथ-साथ नशे की बुराई व सोशल-मीडिया के लाभदायक व हानिकारक प्रभाव, बच्चों व गर्भवती महिलाओं हेतु उचित पोषण की आवश्यकता के बारे में भी गम्भीरता से चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रजनी देवी सहायिका ममता देवी सहित 8 बच्चे व 9 महिलाएं मौजूद रही।

## जलवायु परिवर्तन सम्पूर्ण मानव जाति के लिये खतरा: संदीप चौधरी, सेव अर्थ एक्टिविस्ट



**शिमला:** कोई भी प्रयास और अभियान तब तक सफल नहीं होता जब तक उसमें प्रत्येक की हिस्सेदारी शामिल नहीं होती है ।यह बात जाने.माने सेव अर्थ एक्टिविस्ट संदीप चौधरी ने जलवायु परिवर्तन से जुड़े एक कार्यक्रम में कही। हाल ही में संदीप चौधरी के नेतृत्व में यस वर्ल्ड एवं सेव अर्थ मिशन की टीम द्वारा जलवायु परिवर्तन को लेकर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका उद्येश्य धरती पर हो रहे ग्लोबल वॉर्मिंग के दुष्प्रभावों को लेकर समाज का ध्यान आकर्षित करना रहा। सेव अर्थ एक्टिविस्ट संदीप चौधरी ने कहा कि आज जलवायु परिवर्तन एक ऐसी समस्या है जो सम्पूर्ण मानव जाति के लिये बड़ा खतरा बन चुकी है। वास्तव में हम सबका भविष्य खतरे में है ।उन्होंने कहा कि भले ही इस संबंध में सरकार की बैठकें होती रहती है जिनमें कई वादे किये जाते हैं मगर इन सबका अब तक कोई ठोस परिणाम सामने नहीं आया है जो चिंता का विषय है ।इसलिये उन्होंने कहा कि इस धरती पर रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि वह खासकर कार्बन का प्रयोग कम करके ग्लोबल वार्मिंग को रोकने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे। एक साधारण किसान परिवार में पैदा हुए संदीप चौधरी का धरती एवं पर्यावरण के प्रति शुरू से ही गहरा लगाव रहा है।

यही वजह रही कि उन्होंने पर्यावरण बचाने के बड़े अभियान के साथ अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। इसके लिये उन्होंने यस वर्ल्ड नामक एक संस्था शुरू की जो धरती एवं पर्यावरण के संबंध में जागरूकता फैलाने का काम करती है ।इस संस्था के माध्यम से संदीप चौधरी लोगों को जागरूक करते हुए बताते हैं कि किस तरह हम अपनी धरती को अधिक हरित एवं कार्बन रहित बना सकते हैं ।इन्हीं जागरूकता अभियानों के लिये देश के कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों द्वारा उन्हें सम्मानित किया जा चुका है ।संदीप चौधरी के अनुसार पर्यावरण बचाओ अभियान से जुड़कर वातावरण को प्रदूषित होने से बचाना हमारा कर्तव्य है जिससे आने वाली पीढ़ी को हमारी धरती वैसी ही मिले जैसे हमे मिली एवं वह भी हमारे इस नेक काम का अनुसरण कर पर्यावरण के प्रति जागरूक रहे।

## मजदूर मलबे के नीचे दबा, मौत

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**
नागचला मनाली फ ोरलेन के मलोरी के पास मलबे के नीचे दबने से ठेकेदार के पास कार्य कर रहे एक मजदूर की मौत हो गई। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार राजेश कुमार उर्फ काकू उम्र 33 साल पुत्र रूपलाल गांव बनौन डाकघर कपाही तहसील बल्ह जो फोरलने में काम कर रहे ठेकेदार के पास मजदूर था। शुक्रवार को जब वह काम कर रहा था तो एकाएक उपर से मलबा उसके उपर आ गिरा। एजैसे ही यह हादसा हुआ कार्य पर लगे अन्य लोगों ने उसे मलबे से बाहर निकाला और उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल मंडी पहुंचाया।अस्पताल में चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। ठेकेदार के पास काम कर रहे एक अन्य व्यक्ति रोहित ने बताया कि फोरलेन से आ रहे मलबे को रोकने के लिए कार्य चल रहा था तथा जहां पर राजेश काम कर रहा था। एकाएक उपर से मलबा आ गया और वह मलबे के निचे दब गया। ग्राम पंचायत लवाहरढ़ी के प्रधान ने बताया कि उन्हें करीब 2 बजे सुचना मिली की उनकी पंचायत का 33 वर्षीय राजेश मलबे की नीचे दब गया और उसकी मौत हो गई हैं ।राजेश कुमार गरीब परिवार से था और मेहनती युवा था ।उन्होनें जिला प्रशासन व सरकार से मृतक परिवार के लिए उचित मुआवज देने की मांग की हैं।

## उपायुक्त ने गुड गवर्नेन्स इंडीकेटर से संबंधित बैठक की अध्यक्षता की

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**
उपायुक्त ने बताया कि जिले के विभिन्न विभागों की प्रगति से सम्बंधित आंकड़े त्वरित रूप से सांख्यिकी विभाग के पास संकलित करने के उद्देश्य से डिस्ट्रिक्ट गुड गवर्नेंस इंडेक्स ड़ीजीजीआई सॉफ्टवेयर विकसित किया गया है जो आरम्भिक तौर पर हिमस्वान के माध्यम से चलाया जाएगा। उन्होंने डीजीजीआई सॉफ्टवेयर के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इससे पहले समस्त विभागों द्वारा विभिन्न सूचकांको से सम्बंधित आंकड़े सांख्यिकी विभाग के पास कागजो के माध्यम से जाते थे, जिसे सांख्यिकी विभाग द्वारा



वार्षिक अवधि में संकलित किया जाता था, परन्तु इस डीजीजीआई सॉफ्टवेयर के संचालन से अब यह डाटा ऑनलाइन वर्ष में कभी भी अपडेट किया जा सकेगा तथा राष्ट्रीय मानकों के संदर्भ में इनका मूल्यांकन करने में भी आसानी होगी। उपायुक्त ने जानकारी दी किइसी वर्ष में इस सॉफ्टवेयर के लिए अलग डोमेन का पंजीकरण भी किया जाएगा ताकि यह अधिक कुशलता से कार्य कर पाए।

बैठक में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी प्रशान्त सरकेक, उपनिदेशक उच्च शिक्षा शान्ति लाल शर्मा, जिला कल्याण अधिकारी समीर, जिला इंफ ॉर्मेटिक्स अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## पूर्व सरकार नाहन सीवरेज प्रोजेक्ट के लिए 140 करोड़ का प्रोजेक्ट था स्वीकृत: डा. बिंदल

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**
पूर्व विधायक व बीजेपी के वरिष्ठ नेता डॉ. राजीव बिंदल ने कहा है कि नाहन सीवरेज प्रोजेक्ट को मंजूरी मिलना पूर्व सरकार के समय किए गए प्रयासों का नतीजा है मौजूदा सरकार ने सैद्धान्तिक स्वीकृति को सिर्फ एमओयू के रूप में बदला है ।नाहन में आज पत्रकारों से बातचीत करते हुए डॉ राजीव बिंदल ने कहा कि पूर्व सरकार के समय में सीवरेज प्रोजेक्ट के लिए प्रयास किए गए जिसके लिए तीन



बार डीपीआर में संशोधन किया साथ और कई बार यहां फ्रांस की कंपनी का विजिट भी करवाया गया। बिंदल ने कहा कि पूर्व सरकार के समय में ही 140 करोड़ की इस प्रोजेक्ट को सैद्धांतिक मंजूरी मिल पाई थी मौजूदा सरकार ने सिर्फ सैद्धांतिक मंजूरी को एमओयू के रूप में बदला है बिंदल ने कहा कि इस प्रोजेक्ट को मंजूरी मिलना शहर वासियों के लिए खुशी की खबर है ।राजीव बिंदल यह भी कहा कि पूर्व सरकार के समय में ही नाहन शहर के लिए करोड़ो रुपए की गिरी पेयजल योजना का पानी पहुंचा था और माकुल मात्रा में पेयजल सप्लाई होने के बाद ही सीवरेज की कल्पना यहां संभव थी।

## अग्निवीर वायु की भर्ती के लिए अंतिम तिथि 31 मार्च

**टीम एक्शन इंडिया/सोलन/मनीष**
भारतीय वायु सेना में अग्निवीरवायु की भर्ती के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 मार्च, 2023 निर्धारित की गई है। यह जानकरी जिला रोजगार अधिकारी सोलन संदीप ठाकुर ने गत दिवस को दी। जिला रोजगार अधिकारी ने कहा कि अग्निवीरवायु की भर्ती के लिए आवेदक का बारहवीं पास, विज्ञान संकाय एवं अन्य अंग्रेजी विषय के साथ 50 प्रतिशत अंक व इलैक्ट्रिकल, मैकेनिकल, कम्प्यूटर सांइस डिप्लोमा में 50 प्रतिशत अंक के साथ पास होना अनिवार्य है।

## डीएवी पब्लिक स्कूल नेरचौक में वनस्पति विज्ञान विषय पर ज्ञानवर्धक सत्र का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**
डीएवी पब्लिक स्कूल नेरचौक में प्रधानाचार्य प्रशांत शर्मा के नेतृत्व में, सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी की प्रो. तारा सिंह ठाकुर के द्वारा संवादात्मक सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं व अध्यापकों ने वनस्पति विज्ञान विषय पर अपना ज्ञानवर्धन किया। प्रो. डा. तारा सिंह ठाकुर द्वारा वनस्पति विज्ञान के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए प्राकृतिक पेड़ पौधों जैसे अश्वगंधा, शतावरी, गिलोय, हर-ड़, कड़ी पत्ता आदि के विषय में व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि अश्वगंधा एक झाड़ीदार पौधा होता है, जो कई रोगों के लिए संजीवनी बूटी की तरह काम करता है। आमतौर पर अश्वगंधा का इस्तेमाल शरीर को जवान बनाए रखने के लिए आयुर्वेदिक नुस्खों में किया जाता है। आंवले का प्रयोग ताजे फ ल शरबत, शीतल मुत्तल तथा अमल्पित को दूर करता है। गिलोय एनीमिया दूर करने में सहायक है तथा पीलिया के मरीजों के लिए भी गिलोय के पत्ते को फ ायदेमंद माना जाता है। प्रधानाचार्य प्रशांत शर्मा ने प्रोफेसर तारा सिंह का आगमन पर



धन्यवाद किया और कहा कि मैं विद्यालय में बच्चों से रूबरू होते हुए उन्हें पेड़ पौधों और प्रकृति प्रकृतिक बेलों की उपयोगिता तथा वृक्षारोपण की आदतों को निरंतर विकसित करता रहूंगा। इस प्रकार के सत्र का आयोजन समय-समय पर करूंगा जिसके कारण बच्चों में प्रकृति और पर्यावरण से प्रेम बना रहेगा। विद्यालय में एक बोटेनिकल गार्डन का निर्माण किया गया है, जिसमें अनेक प्रकार के औषधीय पेड़-पौधे लगाए गए हैं, जिसको विद्यालय अपनी धरोहर के रूप में रखेगा। प्रोफेसर डॉक्टर तारा सिंह ठाकुर द्वारा विद्यालय के प्रधानाचार्य बच्चों द्वारा स्कूल के बोटेनिकल गार्डन में प्रमुख वनस्पति को पौधों का रोपण किया गया जिसमें आंवला, अश्वगंधा, शतावरी, हर-ड के पौधों शामिल थे।

## हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**
हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के अंतर्गत मनाली विधानसभा कांग्रेस द्वारा मनाली कांग्रेस अध्यक्ष हरी चंद शर्मा के नेतृत्व में नसोगी सर्कल में ग्राम पंचायत शलीन, नसोगी, ओल्ड मनाली, कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नसोगी सर्कल के सभी पंचायतों के कांग्रेस पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया और घर-घर जा कर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के पत्र को लोगों को सौंपा। मनाली कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रदेश सरकार के बजट की प्रशंसा



करते हुए कहा की कांग्रेस सरकार ने इस बजट में समाज के सभी वर्गों के हितों का ख्याल रखा है और इसके अच्छे परिणाम निकट भविष्य में देखने को मिलेंगे।

मनाली कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा की मनाली कांग्रेस लोगों की समस्या को हल करने के लिए निरंतर तत्पर है और जो भी समस्याएं संगठन के सामने लाई जा रही है सरकार के सहयोग से उन्हें हल करने की भरपूर कोशिश की जा रही।

हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस सचिव देवेंद्र नेगी, महीला कांग्रेस राष्ट्रीय प्रभारी विद्या नेगी, मनाली कांग्रेस उपाध्यक्ष भगत राम, मनाली कांग्रेस उपाध्यक्ष राजीव ठाकुर, मनाली कांग्रेस महासचिव हीरा लाल भारद्वाज, कुल्लू जिला महिला कांग्रेस महासचिव मोनिका ठाकुर, सहित आदि उपस्थित रहे।

## कोरम पूरा न होने के चलते नगर परिषद परवाणू की बैठक स्थगित

**टीम एक्शन इंडिया/परवाणू/विमल ग्रोवर**
औद्योगिक नगरी परवाणू में कांग्रेस की अंदरूनी लड़ाई का खामियाजा शहर के लोगो को भुगतना पड़ रहा है। यहाँ पिछले दो महीने से नगर परिषद अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के विरुद्ध 6 पार्षदों द्वारा पेश अविश्वास प्रस्ताव का मामला लंबित है। ऐसे में हाउस की बैठक न होने से परवाणू नगर के कई महत्त्वपूर्ण विकास कार्य रुके पड़े है। नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी द्वारा शुक्रवार को बुलाई गयी हाउस की बैठक कोरम पूरा न होने के चलते स्थगित करनी पड़ी। इस बैठक में परवाणू के विकास कार्यो से सम्बंधित एजेंडे पर चर्चा होनी थी। बैठक में नगर



परिषद अध्यक्ष निशा शर्मा व उपाध्यक्ष सोनिया शर्मा ही उपस्थित रहे, जबकि शेष निर्वाचित 7 पार्षद बैठक से नदारद रहे। इस से सपष्ट हो गया की नप अध्यक्ष व उपाध्यक्ष शेष पार्षदों का विश्वास खो चुकी है, हालाकि नप में हाल ही मनोनीत किए गए पार्षद रविन्द्र गर्ग, कांता कपूर, संजय यादव व सुखविंदर सिंह मंगा बैठक में मौजूद रहे, लेकिन निर्वाचित पार्षदों की अनुपस्थिति से कोरम पूरा न हो सका।

गौरतलब है की गत 12 जनवरी को नगर परिषद परवाणू के पार्षद ठाकुर दास शर्मा, लखविंदर सिंह, किरण चौहान, चन्द्रावती देवी, रणजीत ठाकुर व मोनिशा शर्मा ने नगर परिषद परवाणू की अध्यक्ष निशा शर्मा व सोनिया शर्मा की कार्यप्रणाली से असंतुष्ट होकर डीसी सोलन को अविश्वास प्रस्ताव सौंपा था, इनमे चार कांग्रेस व दो भाजपा समर्थित पार्षद शामिल है। पिछले दो महीनो से यह अविश्वास प्रस्ताव लंबित है। इसका सीधा खामियाजा परवाणू के विकास कार्य को तरस रहे लोगो को भुगतना पड़ रहा है। अविश्वास प्रस्ताव के बाद शुक्रवार को बुलाई गयी हाउस की बैठक भी कोरम पूरा न होने के चलते स्थगित करनी पड़ी है। इस बैठक में परवाणू के विकास से जुड़े एजेंडे पर चर्चा होनी थी। ऐसे में अविश्वास प्रस्ताव पर कार्रवाई न होने से सीधे सीधे परवाणू नगर के विकास कार्य प्रभावित हो रहे है। लोगो का कहना है की स्थानीय पार्षद जल्द आपस में बैठक कर इस बारे कोई हल निकाले, या फि र जिला प्रशासन जल्द से जल्द अविश्वास प्रस्ताव की प्रक्रिया पूरी करे, ताकि शहर में विकास कार्य शुरू हो सके। उधर, इस बारे परवाणू कांग्रेस अध्यक्ष रविन्द्र गर्ग का कहना है की नाराज चल रहे पार्षदों से दो बार बैठक की गयी है। उन्हें शहर के विकास के लिए साथ आने का आग्रह किया गया है। 25 मार्च को फिर एक बार इस बारे बैठक बुलाई गयी है। इसका जल्द हल निकल लिया जाएगा।

## बिलासपुर में पूतना, कागासुर व कंस के उद्धार की कथा सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु

**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर**
नगर के श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में चल रही श्रीमद भागवत कथा के तीसरे दिन पंडित भास्करानंद शर्मा ने भगवान श्रीकृष्ण के हाथों कंस के उद्धार का प्रसंग सुनाया। उन्होंने कहा कि जब कंस के पाप अत्यधिक बढ़ गए तो सभी भयभीत हो गए। ऐसे में कंस को भी भय था कि उसके प्राणों का घातक न सिर्फ जन्म ले चुका है बल्कि सुरक्षित स्थान पर पहुंच गया है। शिशु रूप कान्हा को मारने के लिए कंस ने कागासुर, बकासुर तथा पूतना जैसे दुर्दांत



राक्षकों को भेजा लेकिन शिशु रूपी ईश्वर ने उनका वध कर दिया। कंस ने अपने षडयंत्र की पूर्ति करते एक मल युद्ध रखा जिसमें आसपास के इलाके के पहलवानों को सादर आमंत्रित किया। इस मल युद्ध में शिव धनुष को भी रखा गया। नंद बाबा अपने 11 वर्षीय कन्हैया और बलराम को लेकर युद्ध देखने के लिए पहुंच गए। वहां पर सबसे पहले इन बालकों ने जब शिव धनुष तोड़ा तो कंस का भय और बढ़ गया। क्योंकि कंस का मालूम था कि जो इस धनुष को तोड़ेगा वही उसका काल बनेगा। मलयुद्ध भूमि पर चारों ओर बड़े-बड़े दुर्दांत योद्धा कंस ने तैनात कर दिए और स्वयं सबसे उपर मचान पर बैठकर युद्ध देखने लगा। इतने में नंद बाबा ने कहा कि युद्ध तो बराबर वालों में होता है फिर बच्चो के साथ इतने बड़े योद्धाओं को लड़ाना तर्कसंगत नहीं है।

# सीएचसी कुंजपुरा में हुआ हेल्थ मेले का आयोजन

## इन्द्री विधायक रामकुमार कश्यप ने आईईसी वैन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**स्वास्थ्य विभाग** की ओर से वर्ल्ड टीबी डे के अवसर पर सीएचसी कुंजपुरा के प्रागंण में हैल्थ मेला का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर इन्द्री के विधायक राम कुमार कश्यप ने हरी झंडी दिखाकर आईईसी वैन को रवाना किया। इस अवसर पर वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी, चिकित्सा अधिकारी डा.सौभाग्या तथा अन्य टीबी स्टाफ उपस्थित रहा। इन्द्री के विधायक रामकुमार कश्यप ने निक्षय मित्र तथा राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम में अच्छा कार्य करने के लिए चिकित्सा अधिकारी, एपीएचडबल्यू तथा आशा वर्करस को सम्मानित कर उनका हौसला बढाया। उन्होंने जनसाधारण को टीबी उन्मूलन के वर्ष 2025 के लक्ष्य को पूरा करने के लिए जन भागीदारी के लिए आह्वान किया।

सिविल सर्जन डॉ. योगेश शर्मा ने टीबी की बीमारी के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि भारत में विश्व के सबसे अधिक टीबी के मरीज हैं। सिविल सर्जन द्वारा आम जन से अपील की गई कि यदि किसी व्यक्ति में टीबी के लक्षण पाए जाते है तो वह नजदीक स्वास्थ्य केन्द्र पर जाकर जाचं व ईलाज करवाएं। सभी सरकारी स्वास्थ्य केन्द्रों पर टीबीसे सम्बधिंत जाचॅ व ईलाज मुफत में किया जाता है। इसलिए इसके लिए मरीजों को जागरूक करना बहुत आवश्यक है। भारत सरकार द्वारा टीबी को नोटिफाइबल डिजिज घोषित किया गया है, जिसके अन्तर्गत सभी प्राईवेट हस्पतालों/क्लीनिक एवं लैब को टीबी के केसिज को रिपोर्ट करना आवश्यक है ।

उप-सिविल सर्जन (टीबी) डॉ. सिम्मी कपूर, द्वारा बताया गया कि टी.बी. एक संक्रामक रोग है, जो शरीर के किसी भी अंग में हो सकती है मगर मुख्यता यह फेफडों को प्रभावित करती है। यह संक्रमित व्यक्ति के खाँसने छीकने एवं थूकने से फैलती है। यदि समय पर जांच एवं ईलाज शुरू न किया जाये तो एक टीबी का मरीज 10-15 व्यक्तियों को टीबी की बीमारी दे सकता है।

भारत सरकार द्वारा टीबी उन्मूलन के लिए वर्ष 2025 का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उनके द्वारा टीबी मरीजों के लिए प्रोटीन युक्त खादय पदार्थ की महत्वता को भी बताया गया।
उन्होंने बताया कि जिला करनाल में 6 क्षय रोग विभाग हैं तथा 15 जगह बलगम के जांच केन्द्र हैं जहां पर मरीजों के बलगम की निःशुल्क जांच की जाती है। भारत सरकार द्वारा निक्षय पोषण योजना के अन्तर्गत टीबी मरीजों को पोषण हेतु 500 रुपए प्रति माह देने का प्रावधान किया गया है। एनटीईपी के अन्तर्गत नये टीबी मरीजों की सूचना देने तथा उनकी बलगम की जांच करवाने उपरान्त टीबी पाये जाने पर सूचना देने वाले को 500 रुपए प्रति मरीज देने का प्रावधान है ।

## कृषि विज्ञान केन्द्र ने किया एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**हरियाणा** कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कृषि विज्ञान केन्द्र करनाल द्वारा शुक्रवार को गांव दादूपुर रोड़ान में रबी फसलों की देखभाल हेतु उत्पादन एवं संरक्षित खेती पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला विस्तार विशेषज्ञ (फार्म प्रबंधन) डॉ. विजय कुमार कौशिक द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृषि विज्ञान केन्द्र के कॉर्डिनेटर डॉ. महा सिंह रहे।

डॉ. महा सिंह ने रबी फसलों एवं आने वाली खरीफ फसलों के बारे में किसानों को विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने गेंहू की फसल के बाद, धान की फसल बोने के लिए हरियाणा सरकार की हिदायतों का पालन करने के लिए किसानों को प्रेरित किया तथा रबी और खरीफ फसलों में आने वाले कीट प्रबंधन के बारे में बताया।
डॉ. विजय कौशिक ने किसानों को फसल विविधिकरण के बारे में बताया कि किसान केवल गेंहू और धान की फसल न लगाकर, सब्जी, औषधीय पौधे लगाएं। उन्होंने फसल पर अनिश्चितता की मार से बचने के लिए कृषि आधारित उद्योग धंधा शुरू करने को प्रेरित किया। उन्होंने उपस्थित महिलाओं को कृषि विज्ञान केन्द्र में होने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताया। मृदा वैज्ञानिक डॉ. किरण खोखर ने भूमि की उर्वरा शक्ति को बढ़ाने हेतु अनेकों विचार सांझा किए। उन्होंने किसानों को समझाया की साल में एक बार अपने खेत की मिट्टी और पानी की जॉच अवश्य करवाए जिससे मिट्टी में होने वाली कमी के अनुसार ही देशी खाद या अन्य रसायनिक उर्वरक डाले जा सके।

## न्यूज फ्लैश

### विक्रमी संवत विश्व का मापदण्ड बना: सुधीर मुनि

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
एसएसए जैन संघ के तत्वावधान तथा युगपुरुष उपप्रवर्तक सुभाष मुनि के मंगल सान्निध्य में भारतीय नववर्ष मनाया गया। इस अवसर पर प्रवचन दिवाकर सुधीर मुनि जी ने कहा कि विक्रमी संवत भारतीय अस्मिता का प्रतीक है। ईस्वी सन् से 57 वर्ष पूर्व सत्य व न्याय के पर्याय महाराजा विक्रमादित्य के राज्याभिषेक पर तत्कालीन जनमानस ने अपने आराध्य, आत्मीय जनवल्लभ राजा के नाम पर संवत चलाकर अपने समर्पण का इजहार किया, जो आगे चलकर पाश्चात्य जगत के लिए अनुकरणीय बना। अंग्रेजों ने ईसामसीह के नाम पर ईस्वी सन् चलाकर भारतीयों का अनुकरण किया। उन्होंने कहा कि अपनी संस्कृति पर सदैव गर्व करो। जैन साध्वी डा. अर्चना ने कहा कि महाराजा विक्रमादित्य ने अपने बाहुबल से शकों, हूणों व विदेशी आततायियों को भगाकर अखण्ड भारत का सपना साकार किया। अद्भुत दानी, तपस्वी, क्षमाशील, न्यायी, महापराक्रमी, शूरवीर सम्राट मयार्दा पुरुषोत्तम राम व कर्मयोगी श्री कृष्णा के पश्चात भारत की जनता ने इन्हें सम्मान व आदर दिया। जैन व भारतीय इतिहास इस तथ्य के साक्षी हैं कि इनके सत्य के प्रभाव से देव शक्तियां इनके चरणों में नतमस्तक थी। उन्होंने कहा कि भारत के सर्वाधिक वीर पुत्रों में इनका नाम सर्वोपरि है। सभी धर्मों का आदर व सम्मान करने के बावजूद ये जैनाचार्य श्री सिद्धसैन दिलाकर के प्रिय शिष्य व कृपापात्र थे। इनके राज्य में सर्व लोग शान्ति व सुरक्षा का अनुभव करते थे। राजा विक्रमादित्य के समय भारत सोने की चिडिया कहलाता था।
न्यू जैन महिला मण्डल की सदस्यों ने विक्रम संवत नववर्ष का भजन गाकर सभी को बधाई दी। जैन सभा की ओर से गौतम प्रसादी का भव्य आयोजन हुआ। महिला मण्डल की ओर से समयानुशासन के पांच पुरस्कार निकाले गए। मंच का संचालन महामंत्री कृष्ण जैन ने किया।

### बैटरी स्वैपिंग फुटप्रिंट बढ़ाने के लिए वोल्टअप ने बीएसएनएल के साथ साझेदारी की

**गुरुग्राम।** भारत के अग्रणी बैटरी-एज-ए-सर्विस (बीएएएस) स्टार्ट-अप वोल्टअप ने बैटरी स्वैपिंग में अपनी उपस्थिति बढ़ाते हुए बीएसएनएल के साथ गुरुग्राम में 4 स्थानों पर बैटरी स्वैपिंग स्टेशन लॉन्च करने के लिए साझेदारी की है। जिससे 150+ चार्जिंग डॉक्स का इंफ्रास्ट्रक्चर बनेगा । वोल्टअप और बीएसएनएल के बीच साझेदारी वर्ष के अंत तक पूरे हरियाणा में 30 स्थानों तक विस्तारित होगी। गुरुग्राम में नए स्थानों को शामिल करने के साथ, वोल्टअप के पास अब 10 शहरों और 8 राज्यों में 1300+ चार्जिंग डॉक्स के साथ 110 से अधिक स्टेशन हैं। कैलेंडर वर्ष 2024 के अंत तक, वोल्टअप का लक्ष्य अपने स्टेशनों की संख्या को लगभग 2000 तक बढ़ाना है।
साझेदारी के बारे में बात करते हुए बीएसएनएल के महाप्रबंधक (टीडी) गणेश चंद्रा ने कहा, "पर्यावरण के प्रति जागरूक संगठन के रूप में बीएसएनएल दैनिक परिवहन में इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने को बढ़ावा देने के लिए उत्साहित है। वोल्टअप के साथ हमारी साझेदारी स्वच्छ ऊर्जा अपनाने को बढ़ावा देने और कार्बन उत्सर्जन को कम करने की दिशा में एक नया रास्ता खोलती है।
रितेश सिंह, हेड बीडी एंड स्ट्रेटेजी - वोल्टअप ने कहा, "लास्ट माइल कनेक्टिविटी एजेंट बैटरी स्वैपिंग के लिए बड़े पैमाने पर एंबेसडर हैं। कम लागत और लगभग शून्य डाउनटाइम अंतिम मील कनेक्टिविटी एजेंट को अधिक यात्राएं पूरी करने और अधिक कमाई करने में सक्षम बनाता है।
निखिल माथुर, सर्कल बिजनेस हेड- वोल्टअप ने आगे कहा, ह्लबीएसएनएल उपभोक्ताओं को प्रौद्योगिकी के साथ जोड़ने में अग्रणी रहा है और इस साझेदारी के साथ, उपभोक्ता शहरी गतिशीलता के हरित गतिशीलता में परिवर्तन का अनुभव कर सकते हैं। ई-2 व्हीलर्स और ई-3 व्हीलर्स में प्रारंभिक निवेश को कम करने के लिए उन्नत लिथियम बैटरी सब्सक्रिप्शन के रूप में प्रदान की जाएगी। यह सुचारू और निर्बाध परिवहन संचालन को सक्षम करने के लिए वोल्टअप के चार्जिंग जोन के समर्पित नेटवर्क के माध्यम से 1 मिनट से भी कम समय में बैटरी स्वैपिंग की पेशकश करता है। सेवा नेटवर्क, प्लेटफॉर्म पर बैटरी को पूर्ण रखरखाव, सेवा समर्थन प्रदान करेगा। उच्च दक्षता के लिए बैटरी चार्जिंग तापमान और सेल संतुलन को बनाए रखने के लिए ऑप्स इंजन के माध्यम से स्मार्ट स्टेशनों की निगरानी की जाएगी।

### वोल्क्सवैगन इंडिया ने यमुनानगर डीलरशिप के 10 साल पूरे होने का जश्न मनाया

**यमुनानगर।** वोल्क्सवैगन पैसेंजर कार्स इंडिया ने यमुनानगर, हरियाणा में पंजाब वैलोसिटी प्राईवेट लिमिटेड के साथ अपनी साझेदारी का एक दशक पूरा होने का उत्सव मनाया। वोल्क्सवैगन के मूलभूत गुणों, जैसे सुरक्षा, बिल्ड क्वालिटी, और मनोरंजक ड्राईव जैसे गुणों से प्रेरित यह कारनिमार्ता कंपनी सर्वश्रेष्ठ जर्मन इंजीनियर्ड कारें बनाती आ रही है और पंजाब वैलोसिटी प्राईवेट लिमिटेड द्वारा इस क्षेत्र के ग्राहकों को उपलब्ध करा रही है। यमुनानगर और आस-पास के इलाकों में कार खरीददारों को सर्वश्रेष्ठ सेल्स एवं आफ्टरसेल अनुभव प्रदान करके यह डीलरशिप कंपनी के इन प्रयासों को और ज्यादा मजबूती प्रदान कर रही है। यमुनानगर में वोल्क्सवैगन की यह डीलरशिप 2013 में अपनी स्थापना के बाद से ग्राहकों को सर्वश्रेष्ठ सेल्स और सर्विस का अनुभव प्रदान करती आ रही है।

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**सोनीपत**
**(संजीव कौशिक)**
**मो. नं. : 9991270143**

## 'एच3एन2 वायरस को लेकर प्रत्येक व्यक्ति के लिए सतर्कता जरूरी'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**जिला** उपायुक्त अनीश यादव ने कहा कि जिलावासियों को एच3एन2 वायरस को लेकर घबराने की जरूरत नहीं है। एच3एन2 के मद्देनजर जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह सतर्क है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट मोड पर पर काम करने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि इन्फ्लूएंजा वायरस को लेकर स्वास्थ्य विभाग की सभी टीम को अलर्ट कर दिया गया है। वैसे जिला में अभी वायरस को लेकर कोई गंभीर समस्या नहीं है। लोगों को घबराने की नहीं, सावधानी बरतने की जरूरत है। बदलते मौसम में संतुलित खानपान का विशेष ध्यान दें। वायरस के लक्षण दिखने पर अपना चैकअप कराएं। किसी प्रकार की परेशानी होने पर चिकित्सक के परामर्श के बाद ही कोई दवा लें। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को फ्लू से संबंधित मामले आने पर एहतियात बरतने के निर्देश दिए गए हैं। सिविल सर्जन डा. योगेश शर्मा ने बताया कि एच3एन2 को मौसमी इन्फ्लूएंजा के तौर पर जाना जाता है। इन्फ्लूएंजा के मरीजों में बुखार, खांसी, गले में संक्रमण, शरीर में दर्द, नाक से पानी आना जैसे लक्षण दिखाई देते हैं।

## भाविप की श्री राधा कृष्ण शाखा को उत्कृष्ट कार्यो के लिए किया गया सम्मानित



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**मां** झंडेवाली सेवा समिति की ओर से आयोजित की जा रही मां भगवती चौकी में भारत विकास परिषद की श्री राधा कृष्ण शाखा की ओर से अध्यक्ष प्रियंका काठपाल की अध्यक्षता में सभी सदस्यों ने मां का श्रृंगार किया गया। इस अवसर पर मां झंडेवाली सेवा समिति की ओर से भारत विकास परिषद की श्री राधा कृष्ण शाखा के सदस्यों को समाजसेवा के उत्कृष्ट कार्यों के लिए स्मृत्ति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। भाविप की श्री राधा कृष्ण शाखा की ओर से समय-समय पर समाज सेवा के कार्य किए जाते हैं। अपना आशियाना में बढ़-चढकर सहयोग किया जाता है। शाखा के सदस्यों ने कहा कि भविष्य में भी वे समाजसेवा के कार्यो के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। बता दें कि नवरात्रों के उपलक्ष्य में मां झंडेवाली सेवा समिति की ओर से 22 से 30 मार्च तक अर्जुन गेट स्थित सेवा समिति आश्रम में मां भगवती की चौकी का आयोजन किया जा रहा है। 26 मार्च को सिविल अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया जाएगा।
इस अवसर पर भाविप की श्री राधा कृष्ण शाखा की ओर से प्रियंका काठपाल, गौरव खुराना, जोगिंद्र जूड, राकेश अरोड़ा, मनोज काठपाल, उमेश तनेजा, प्रमोद नागपाल सहित अन्य मौजूद रहे।

## देश की तरक्की व विकास देश की युवा शक्ति पर निर्भर: डा. वैशाली शर्मा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**अतिरिक्त** उपायुक्त डॉ.वैशाली शर्मा ने कहा कि देश की तरक्की व विकास देश के लोगों और खासकर युवा शक्ति पर निर्भर करता है। देश के युवाओं का एक बड़ा समूह ही नशे की ओर चल पड़ा, तो स्थिति मस्तिष्क में स्वयं निर्मित हो जाती है कि देश का भविष्य किस प्रकार का होने वाला है। देश का भविष्य संवारने के लिए जरूरी है कि युवाओं को नशे की लत से बचाया जाए और यह कार्य केवल सरकारी नहीं है, इसे व्यक्तिगत कार्य समझते हुए समाज के हर व्यक्ति को नशे में पड़े युवक के साथ भावनात्मक जुड़ते हुए उसे नशे जैसी सामाजिक बुराई से बचाना है। स्थानीय पंचायत भवन में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित नशा मुक्ति अभियान के लिए प्रहरी एवं ड्रग कैप्टन के प्रशिक्षण शिविर की अध्यक्षता करते हुए उपस्थितजनों को संबोधित कर रही थी। एडीसी ने कहा कि हमारे गांव, वार्ड व पड़ोस में रहने वाला व्यक्ति यदि नशे की लत में है तो यह स्थिति ठीक वैसे है जैसे हमारे पड़ोस के घर में आग लगी हो। ऐसे में हम चैन से कैसे सो सकते है। हमारा पहला कत्र्तव्य बनता है कि हमारे स्कूल, महाविद्यालय, कार्यालय, हमारा गांव, हमारा वार्ड और हमारा पड़ोस पूरी तरह से नशामुक्त हो। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए जिला के शिक्षण संस्थानों और कार्यालयों में प्रहरी एवं ड्रग कैप्टन नियुक्ति की गई है। इससे पहले जिला को नशा मुक्त बनाने के लिए वार्ड व ग्राम मिशन टीमें बनाई गई थी। इन टीमों में क्षेत्र के संबंधित पुलिस अधिकारी, सरपंच, पंच, ग्राम सचिव, पटवारी, आगंनवाड़ी कार्यकर्ता, सामाजिक कार्यकर्ता तथा स्कूल मुखिया शामिल हैं।

## घरौंडा नगरपालिका में सीएम फ्लाइंग ने की रेड

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**आज** नगरपालिका घरौंडा में सीएम फ्लाइंग ने एक बार फिर नगर रेड की। रेड की भनक लगते ही अधिकारियों और कर्मचारियों में हडकंप मंच गया। रेड के दौरान 22 अधिकारी व कर्मचारी नदारद पाए गए। टीम ने कई घंटे जांच के बाद कुछ दस्तावेजों को अपने कब्जे में लिया है।
महिलाओं ने सीएम फ्लाइंग को प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर रुपए लेने की शिकायत सौंपी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सीएम फ्लाइंग ने विकास कार्यों के साथ-साथ एनडीसी से जुड़े रिकॉर्ड को अपने कब्जे में लिया है।

## पोषण पखवाड़ा के तहत गांव घीड़ में कलाकारों ने दिया कार्यक्रम



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**महिला एवं** बाल विकास विभाग के माध्यम से चलाए जा रहे पोषण पखवाड़ा के दौरान सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग की ड्रामा पार्टी के कलाकारों ने गांव घीड़ में पौष्टिक आहार के बारे में नाटक एवं लोक गीतों के माध्यम से जागरूक किया, जिसमें सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया।
कलाकारों ने उपस्थित महिलाओं को हरियाणा व केन्द्र सरकार की योजनाओं जैसे विवाह शगुन योजना और प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, पोषण अभियान, आपकी बेटी-हमारी बेटी, सुकन्या योजना, मोटा अनाज के प्रयोग इत्यादि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कलाकारों ने गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान हरी पत्तेदार सब्जियां तथा विटामिन युक्त भोजन ग्रहण करने के लिए जागरूक किया।
इस मौके पर सुपरवाईजर अनीता गिल, केला देवी, कैलाशो देवी, कुसुम देवी, मोनिका, अमृता, मीना, सलमा, सुदेश, वर्षा, अंजू, कांता, राजकली, पूजा, रविता उपस्थित रही। सुपरवाईजर अनीता गिल ने बताया कि जिला कार्यक्रम अधिकारी राजबाला के निदेर्शानुसार जिले के सभी ब्लॉकों में पोषण पखवाड़ा मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पोषण पखवाड़ा 2023 का थीम सभी के लिए पोषण-एक साथ, स्वस्थ भारत की ओर है। सरकार द्वारा वर्ष 2023 को अंतराष्ट्रीय मोटे अनाज के रूप में घोषित किया गया है। इस वर्ष पोषण पखवाडा का केंद्र बिन्दु कुपोषण को दूर करने के लिए एक मूल्यवान सम्पत्ति के रूप में श्रीअन्न को लोकप्रिय बनाने पर होगा, जिसे सभी अनाजों की जननी कहा जाता है। उन्होंने बताया कि पोषण पखवाड़ा के तहत मोटे अनाज आधारित खाद्य पदार्थों को पूरक पोषण से जोडने, घर-घर तक पहुंचने, आहार परामर्श शिविर के आयोजन के माध्यम से पोषण कल्याण के लिए मोटे अनाज को बढ़ावा देना व इन्हें लोकप्रिय बनाया जा रहा है।

## नवरात्रों में उपवास रखने से शरीर और मन पूरे वर्ष स्वस्थ और निरोगी रहता है: दिनेश गुलाटी



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**फव्वारा** पार्क योग कक्षा में नवरात्रों के अवसर पर भक्ति पूर्ण भजनों के साथ योग गुरु दिनेश गुलाटी ने योगाभ्यास करवाया। उन्होंने कहा कि नवरात्रि के यह 9 दिन मां दुर्गा की आराधना, पूजा-पाठ और उपवास के दिन हैं। इन दिनों में शक्ति की विशेष पूजा करने से हर तरह की मनोकामना पूरी होती है और दुख दर्द दूर हो जाते हैं। जीवन में शक्ति का संचार होता है और हम ज्यादा ऊर्जा के साथ जीवन में आगे बढ़ते हैं। इन दिनों उपवास रखने से शरीर और मन पूरे वर्ष स्वस्थ और निरोगी रहता है।
प्राणायाम के दौरान उन्होंने कहा कि भक्ति और साधना के साथ-साथ संकल्पित मन से योग करना भी आवश्यक है। योग का उद्देश्य भी जीवन का सर्वांगीण विकास है। योग ही स्वास्थ्य का मूल मंत्र है और इस मिशन के द्वारा उनका लक्ष्य है कि प्रत्येक व्यक्ति का स्वास्थ्य उत्तम हो और वह अन्य लोगों को भी स्वस्थ जीवन जीने को प्रेरित करें। योग द्वारा मन और वाणी दोनों पवित्र निश्चल होते हैं। योग मानव को शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक और आध्यात्मिक विकास की ओर अग्रसर करता है।

## निगमायुक्त ने दौरा कर मुख्य नालों व डिस्पोजल स्थलों का किया निरीक्षण

### नालों की सफाई, डिस्पोजलों पर अतिरिक्त जेनसेट व बिजली मोटरों की व्यवस्था करने के निर्देश



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**मानसून के** दौरान शहर में जल भराव की समस्या न हो, इससे बचने के लिए नगर निगम उपाय करने में जुट गया है। इसके तहत शहर में मौजूद छोटे-बड़े सभी नालों की सफाई, डिस्पोजल स्थलों पर जरूरत अनुसार अतिरिक्त जेनरेटर सेट और मोटरों की व्यवस्था तथा सबसे अहम मुगल कैनाल की मुकम्मल सफाई करवाने को लेकर तैयारी की जा रही है।
नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने इंजीनियरिंग विभाग के जेई से लेकर एक्सईएन तक को साथ लेकर करीब साढे 4 घण्टे शहर के मुख्य नालों, डिस्पोजल स्थलों व अमरूत प्रोजेक्ट के तहत कम्बोपुरा में निमार्णाधीन 8 एमएलडी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट तथा इंटरमिडिएट पम्पिंग स्टेशन (आई.पी.एस.) का निरीक्षण किया।

निगमायुक्त ने सबसे पहले मेला राम स्कूल से एन.एच.-44 तक जाने वाले शहर के सबसे मुख्य नाले, मुगल कैनाल का निरीक्षण किया तथा इसकी मुकम्मल साफ-सफाई करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस काम के लिए जल्द अनुमान तैयार कर इसका टैण्डर लगाया जाए और मई तक हर-हाल में इसकी सफाई करवाने का काम पूरा किया जाए, ताकि मानसून सीजन में बरसाती पानी का प्रवाह पर्याप्त मात्रा में बना रहे। इसके पश्चात निगमायुक्त ने राम नगर से मुगल कैनाल को आने वाले बड़े नाले का निरीक्षण किया और इसकी सफाई के लिए भी निगम इंजीनियरों को जल्द एस्टीमेट तैयार कर बरसाती सीजन से पहले-पहले सफाई करवाने के निर्देश दिए निर्देश। इसके बाद उन्होंने एन.एच.-44 से मुंडागढ़ी को जाने वाली ड्रेन नम्बर-1 का निरीक्षण किया और निर्देश दिए कि सिंचाई विभाग से समन्वय कर इसकी साफ-सफाई करवाएं। निगमायुक्त ने दौरे में सैक्टर 13-14 के डिस्पोजल नम्बर-1, 2, 3, 4, 5 व 6 के अतिरिक्त गांव बलड़ी के डिस्पोजल का निरीक्षण किया और उनकी मोटरें चलवाकर देखी। उन्होंने निगम इंजीनियरों को निर्देश दिए कि सभी डिस्पोजलों पर अतिरिक्त मोटरों व जेनसैट की व्यवस्था की जाए, ताकि बारिश के समय मोटर खराब होने की सूरत में इन्हें तुरंत बदला जा सके। उन्होंने कहा कि इस काम के लिए एस्टीमेट बनाकर टैण्डर लगाने की तैयारी की जाए। उन्होंने अन्य डिस्पोजलों की मोटरें चैक करने के भी इंजीनियरों को निर्देश दिए। निगमायुक्त ने कार्यकारी अभियंताओं को निर्देश दिए कि जहां बारिश के दिनो में जल भराव की स्थिति बन जाती है, उन्हें चिन्हित कर उनके उपाय खोजे जाएं, ताकि नागरिकों को जल भराव की समस्या से निजात दिलाई जा सके।

## संपादकीय

# खालिस्तान समर्थकों पर आक्रामकता जरूरी

**सात** समंदर पार खालिस्तान समर्थित समूहों की बढ़ती गतिविधियां भारत की एकता, अखंडता और शांति व्यवस्था के लिए संकट बनती जा रही हैं। अमेरिका, ब्रिटेन के बाद कनाडा और ऑस्ट्रेलिया में पाकिस्तान समर्थित इन खालिस्तान समूहों ने भारत के खिलाफ षड़यंत्र तेज कर दिया है। ऑस्ट्रेलिया में जिस तरीके से खालिस्तान समर्थकों ने भारतीयों पर हमला और राष्ट्रीय ध्वज का अपमान किया, वह हर भारतीय की आन, बान और शान पर न केवल हमला है बल्कि यह भारत की अस्मिता पर आघात है। हालांकि दिल्ली में सिख फॉर जस्टिस रेफरेंडम-2020 और खालिस्तान के देश विरोधी स्लोगन लगाने के मामले में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने देश विरोधी गतिविधियों में शामिल कुछ संदिग्धों की पहचान की है। लेकिन सुरसा की मुंह की तरह बढ़ रही इस समस्या के प्रति केंद्र सरकार को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अधिक गंभीर और आक्रामक होने की आवश्यकता है। विदित है कि ऑस्ट्रेलिया में खालिस्तानी समर्थकों का उत्पात लगातार बढ़ता जा रहा है। खालिस्तान समर्थक समूहों द्वारा ऑस्ट्रेलिया के मेलबोर्न में राष्ट्रीय ध्वज लेकर जा रहे भारतीयों पर हमला करने का एक वीडियो सामने आ चुका है। खालिस्तानी समर्थक अपना खुद का झंडा हाथ में लिए हैं। वे राष्ट्रीय ध्वज लिए लोगों पर हमला कर तिरंगा का अपमान भी करते हैं। ध्यातत्व है कि पहले भी ऑस्ट्रेलिया में खालिस्तानी समर्थकों का उत्पात देखने को मिल चुका है। ऑस्ट्रेलिया में एक पखवाड़े के अंदर तीन बार हिंदू मंदिरों पर हमला किया गया। खालिस्तानियों ने इन मंदिरों को निशाना बनाकर तोड़-फोड़ की और उनकी दीवारों पर भारत विरोधी नारे लिखे। ऐसी घटनाएं भारत के लिए तो चिंताजनक हैं ही, आस्ट्रेलिया की सरकार के लिए भी एक चुनौती है जिसने कुछ दिन पहले खालिस्तानी तत्वों को काबू करने को लेकर एक अहम सुरक्षा बैठक की थी। ऑस्ट्रेलिया में काफी समय से खालिस्तानियों की गतिविधियों को समर्थन मिल रहा है। सोशल मीडिया पर उनकी असामाजिक गतिविधियां जोरों पर चल रही हैं। एक मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि विवादित पोस्टर सोशल मीडिया पर धड़ल्ले से प्रसारित हो रहे हैं। इस तरह के पोस्टर पर सतवंत सिंह और केहर सिंह की तस्वीरें लगी हैं। सतवंत सिंह वही सुरक्षा कर्मी था जिसने प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या की थी। केहर सिंह को उनकी हत्या की साजिश के आरोप में फांसी की सजा दी गई थी। कनाडा में भी भारत विरोधी गतिविधियां काफी बढ़ गई हैं। भारतीय विदेश मंत्रालय और कनाडा में भारतीय उच्चायोग ने इन घटनाओं को कनाडा प्रशासन के सामने उठाया और उनसे इन अपराधों में उचित कार्रवाई की मांग की है। हालांकि भारत विरोधी गतिविधियों में संलिप्त अपराधियों को अब तक समुचित सजा नहीं मिली है। यही कारण है कि विदेश मंत्रालय ने भारतीयों के लिए एक एडवाइजरी भी जारी की । इसमें कनाडा में रहने वाले भारतीयों को वहां बढ़ रही सांप्रदायिक हिंसा और भारत विरोधी गतिविधियों के लिए चेताया गया। यही नहीं, अमेरिका में पाकिस्तान समर्थित खालिस्तानी अलगाववादी समूहों द्वारा भारत विरोधी गतिविधियां चल रही हैं जिस पर भारत ने भी चिंता व्यक्त की है।

# मुफ्त उपहारों के एलान की राजनीतिक प्रतिस्पर्धा

**डॉ. अनिल कुमार निगम**

"केंद्र एवं राज्य द्वारा दी जा रही यह सुविधाएं व्यक्ति, परिवार, समाज और देश को आत्मनिर्भर बनाए जाने के लिए उपलब्ध कराई जाती है। किंतु क्या जमीनी स्तर पर आजादी के 75 बरसों के उपरांत जनकल्याणकारी योजनाओं से वास्तविक जनकल्याण होता नजर आ रहा है ? क्या जनकल्याण के नाम पर राजनीतिक दलों द्वारा नागरिकों को पंगु कमजोर और आश्रित तो नही बनाया जा रहा है। मुफ्त उपहार की यह योजना राष्ट्र को आत्मनिर्भर बनाने के स्थान पर मुफ्त सुविधाओं पर आश्रित कमजोर नागरिकों के निर्माण की योजनाए तो नहीं बन गयी है। यह बेहद विचारणीय विषय है। जनकल्याणकारी राज्य का आशय नागरिकों को सक्षम और आत्मनिर्भर बनाने से है। कर्मठ ओर परिश्रमी नागरिक राष्ट्र उत्थान की प्रथम आवश्यकता है"

**भारत** देश मे चुनावों से पूर्व मुफ्त उपहारों की पेशकश लगभग सभी प्रदेशों में प्रत्येक राजनीतिक दल द्वारा की जाती रही हैं। मध्यप्रदेश में चुनावी वर्ष होने से सियासी दलों का फोकस प्रदेश के मतदाता है। इन मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए राजनैतिक दलों में मुफ्त सुविधाओं के वितरण की प्रतिस्पर्धा शुरू हो गयी है। भाजपा, कांग्रेस के मध्य चल रही इस प्रतिस्पर्धा में आप की आमद से भूचाल आ गया है। सत्ता की मंडी में मतदाताओं की बोली लगना शुरू हो गयी है। जिस प्रकार से मुफ्त वितरण में सियासी घमासान चल रहा है, उसे देख लगता है कि आगामी चुनाव से मुफ्त की सुविधाएं की भरमार होने वाली है। जैसे ही प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने लाडली बहना को एक हजार रु देने की घोषणा की तो तत्काल ही राजनीतिक मंच से कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने लाडली बहना को कांग्रेस की सरकार आने पर पन्द्रह सौ रु एवं गैस टँकी 500 रु में दिए जाने घोषणा कर डाली। इसी बीच प्रदेश की राजनीति में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का पदार्पण हुआ जिन्होंने मुफ्त बिजली, चिकित्सा एवं शिक्षा का दिल्लीनुमा लालीपाप दिखा कर जनता को आकर्षित करने की कवायद शुरू कर दी है। मुफ्त सुविधाओं की इस प्रतिस्पर्धा में यह समझ पाना बहुत कठिन है कि कौनसा दल विश्व का सबसे बड़ा दल है, कौनसा देश का सबसे पुराना दल है और कौनसा जन आंदोलन से उपजा नवीन राजनैतिक सिंद्धान्तों की प्रतिस्थापना के साथ राष्ट्र उत्थान की बात करने वाला दल है। सब एक जैसी मुफ्त उपहारों की घोषणा करतें हुए जनता को यह एहसास करा रहे है कि हम सबसे ज्यादा मुफ्त सुविधाएं ओर उपहार बांटने की काबलियत रखते है। मुफ्त उपहारों की घोषणाओं की यह अंतहीन प्रतिस्पर्धा के मध्य एक आम भारतीय जो खुद के परिश्रम और कढ़ी मेहनत से अपना जीवन यापन करता है, सोच रहा है मुफ्त के उपहारों की यह घोषणाएं क्यो ? आखिर सरकारी खजाने को लुटाने का यह अधिकार इन सियासी दलों को किसने दिया है ? जिस प्रकार से भारत



मे चुनावों के दौरान तमाम राजनीतिक पार्टियों द्वारा मुफ्त उपहारों के वितरण की पेशकश की जाती है। ऐसा लगता है कि संगठन, सिद्धांत और विचारधारा का कोई महत्व नहीं रह गया है। राजनैतिक दलों के सिद्धांत दिखाने के कुछ और व्यवहार में कुछ और नजर आतें है। चुनाव जीतना पहली प्राथमिकता है। येनकेन प्रकारेण चुनाव में विजयी होना ही मुख्य लक्ष्य बन गया है। इस लक्ष्य को साधने के लिए राजनीतिक दल नई-नई घोषणाएं कर रहें है। आजादी से अब तक केंद्र सरकार और विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा जनकल्याणकारी राज्य की भूमिका में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग सहित आरक्षित वर्ग हेतु शिक्षा, चिकित्सा, आवास ओर अनाज वितरण की मुफ्त या कम कीमत पर सुविधाएं उपलब्ध करा रखी है। मध्यप्रदेश राज्य में कहा जाता है की आरक्षित ओर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को जन्म से लेकर मृत्यु तक कि व्यवस्था राज्य सरकार द्वारा की जाती है। मध्यप्रदेश राज्य में महिलाओं को प्रसूति सहायता योजना, जननी सुरक्षा योजना का लाभ प्रसूति के दौरान दिया जाता है। बच्चे के जन्म से लगाकर उसकी मुफ्त शिक्षा, स्वास्थ्य, राशन की सुविधाएं राज्य सरकार द्वारा दी जा रही है। इसी प्रकार आवास की सुविधाएं , स्वास्थ्य सुविधाएं भी केंद्र और राज्य की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से आमजन को उपलब्ध हैं। एक आम भारतीय अवधारणा है कि तीर्थ यात्रा बेहद निजी विषय है, जिसका व्यय व्यक्ति स्वयं या परिवार के सदस्यों द्वारा ही किया जाता है। तभी तीर्थ यात्रा का पुण्यलाभ मिल पाता है। किंतु मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के माध्यम से तीर्थ यात्राएं भी कराई जाती रही है। दरअसल जनकल्याण राज्य एवं केंद्र सरकार का आवश्यक दायित्व भी है। इसकी पूर्णरूपेण अवहेलना नहीं कि जा सकती है। आर्थिक रूप से कमजोर, शोषित, पीड़ित वर्ग की प्रगति कार्यक्रम चलाए ही इसलिए जाते है, ताकि यह वर्ग आत्मनिर्भर बन सकें। केंद्र एवं राज्य द्वारा दी जा रही यह सुविधाएं व्यक्ति, परिवार, समाज और देश को आत्मनिर्भर बनाए जाने के लिए उपलब्ध कराई जाती है। किंतु क्या जमीनी स्तर पर आजादी के 75 बरसों के उपरांत जनकल्याणकारी योजनाओं से वास्तविक जनकल्याण होता नजर आ रहा है ? क्या जनकल्याण के नाम पर राजनीतिक दलों द्वारा नागरिकों को पंगु कमजोर और आश्रित तो नही बनाया जा रहा है। मुफ्त उपहार की यह योजना राष्ट्र को आत्मनिर्भर बनाने के स्थान पर मुफ्त सुविधाओं पर आश्रित कमजोर नागरिकों के निर्माण की योजनाए तो नहीं बन गयी है। यह बेहद विचारणीय विषय है। जनकल्याणकारी राज्य का आशय नागरिकों को सक्षम और आत्मनिर्भर बनाने से है। कर्मठ ओर परिश्रमी नागरिक राष्ट्र उत्थान की प्रथम आवश्यकता है। क्या मुफ्त उपहार की यह राजनीतिक पेशकश वास्तविक राष्ट्र उत्थान में सहायक है। सम्भवत निष्पक्ष मत यही होगा कि मुफ्त सुविधाओं की पेशकश राष्ट्र की प्रगति में सहायक तो कतई नही दिखाई दे रही है। चुनाव में विजय होने के लिए तमाम दल मुफ्त सुविधाओं की घोषणा करते है। मुफ्त के यह उपहार मतदाताओं को भ्रमित करते है। यह निष्पक्ष चुनाव की प्रक्रिया को प्रभावित भी करते है। राज्य और केंद्र सरकार को चाहिए कि नागरिकों में काम करने की प्रवृत्ति का निर्माण करें। मुफ्त के इन उपहारों का सरकार के खजाने पर भी विपरीत प्रभाव पड़ता है। सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में राजनीतिक दलों द्वारा दिए जाने वाले उपहारों को विनियमित करने के तरीके पर सिफारिशें देने के लिए एक शीर्ष प्राधिकरण निर्माण की अनुशंसा की है। मुफ्त उपहारों की इन पेशकशों के सम्बंध में चुनाव आयोग को भी सख्त रुख अपनाने की आवश्यकता है। राजनीतिक दल द्वारा मुफ्त उपहारों की इन पेशकशों का आकलन मतदाताओं को भी गम्भीरता से कर लेना चाहिए। मुफ्त सुविधाओं की लालच में अपने वोट का सौदा करने से बचना चाहिए। लोक कल्याणकारी राज्य के लिए जरूरी है कि वह नागरिकों का सामाजिक, आर्थिक, मानसिक विकास करें। नागरिकों में समानता का भाव पैदा करें। परन्तु यह भी विचार करने की जरूरत है कि मुफ्त के उपहारों से नागरिकों में मुफ्त सुविधाओं के प्रति आकर्षण तो नही बढ़ रहा है। नागरिकों ने अपनी कर्मठता तो नहीं खो दी है। अकर्मण्य भीड़ राष्ट्र निर्माण के लिए उपयुक्त नहीं है। यह प्रवृत्ति विश्व में सिरमौर बनने की कोशिश में लगे देश के लिए तो बिल्कुल भी उचित नहीं है। वर्तमान में सभी राजनीतिक दल मुफ्त की सुविधाओं के माध्यम से चुनावी विजय का प्रयास करते है। किन्तु यह जान लेना चाहिए कि मुफ्त के उपहारों से चुनावी विजयी तो प्राप्त की जा सकती है। एक मजबूत राष्ट्र नहीं, जो दुनियाँ की ताकत बन सके। राष्ट्र को चाहिए वह अपने नागरिकों को कर्मठ और आत्मनिर्भर बनाए। मुफ्त के उपहार एक मजबूत राष्ट्र की प्रक्रिया का बाधक तत्व है।

## कविता

### हिंदी को बनाएं राष्ट्रभाषा

हिंदी है हमारी प्यारी भाषा,
हिंदी है एक शक्तिशाली
और विशाल ज्ञान की भाषा,
आओ बनाएं इसे राष्ट्रभाषा।

हिंदी भाषा हमारा मान और अभिमान है,
हिंदी राष्ट्र का वैभवशाली गौरव गान है।

हिंदी देश की गंगा -जमुनाई स्वाभिमान है,
हिंदी पर न्योछावर हर दिल और जान है।

हिंदी भारत के माथे की चमकती बिंदिया है।
हिंद देश में बहती पवित्र गंगा नदिया है।

हिंदी पर आओ शीश झुकाए,करें नमन,
हिंदी ही है लताएं, फूल, बगिया और चमन।

हिंदी से ही बना प्यारा हिंदुस्तान हमारा,
हिंदी ने ही किया शीश जग में ऊंचा हमारा।

हिंदी भाषा भोली और इतनी विशाल है,
हिंदी भाषा अवार्चीन और बेमिसाल है।

हिंदी हमारे असंख्य हृदयों पर करती राज,
हिंदी से ही अत्यंत सफल है, देश का काम-
काज।

संजीव

# यौन शोषण बेहद गंभीर मुद्दा है राहुल जी

**डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी**

**बीती** 30 जनवरी को श्रीनगर में भारत जोड़ो यात्रा के समापन पर राहुल गांधी ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा था कि कुछ महिलाओं ने उनसे मिल कर अपनी पीड़ा, अपने दर्द साझा किए थे कि महिलाओं के साथ बलात्कार किए गए। उनके यौन उत्पीडन किए गए और छेड़छाड़ तो आम बात है। यह मुद्दा बेहद संवेदनशील है इसी के मद्देनजर दिल्ली पुलिस ने इस बयान पर राहुल गांधी से जवाब मांगा है। राहुल गांधी का श्रीनगर में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान बयान सामने आया था जिसमें वे बता रहे थे कि कई महिलाएं उनसे मिलीं जिन्होंने उनसे अपने साथ यौन हिंसा की जानकारी दी थी। दिल्ली पुलिस ने राहुल गांधी को नोटिस देकर राहुल गांधी से उन महिलाओं के बारे में जानकारी मांगी है।

कांग्रेस ने राहुल गांधी को दिल्ली पुलिस द्वारा नोटिस भेजे जाने को लेकर केंद्र पर निशाना साधा था। कांग्रेस ने कहा था कि पीएम मोदी और अडानी के संबंधों पर राहुल गांधी के सवालों से परेशान सरकार अपनी पुलिस के पीछे छिप जाती है। कहा था कि हम कानून के अनुसार उचित समय पर नोटिस का जवाब देंगे. नोटिस इस बात का एक और सबूत है कि सरकार (मोदी) डरी हुई है। दिल्ली पुलिस को 3 घंटे इंतजार कराने के बाद भी राहुल गांधी उनसे नहीं मिले। इसके बाद सीनियर अधिकारी अगले दिन को फिर से मिलने गए। उनसे बात करने का समय मांगा लेकिन राहुल गांधी ने कहा कि उनके पास टाइम नहीं है। इसके बाद पुलिस ने राहुल गांधी को नोटिस रिसीव करवाया। पुलिस ने राहुल गांधी से नोटिस का जवाब जल्द से जल्द देने के लिए कहा है। ताकि पुलिस इस मामले में अपनी जांच को आगे बढ़ा सके।

राहुल गांधी ने यौन शोषण की पीड़िताओं से पूछा था कि क्या वह पुलिस को बताएं? पीड़िताओं ने ऐसे मामलों को सार्वजनिक करने से इंकार कर दिया, क्योंकि उनकी परेशानियां बढ़ सकती थीं! संवैधानिक दायित्व कुछ और ही हैं। राहुल गांधी वरिष्ठ लोकसभा सांसद हैं, लिहाजा सीआरपीसी के तहत यह उनका दायित्व था कि बलात्कार सरीखे अपराध के खुलासे पुलिस को करें। हमारे कानून और नैतिकता के मुताबिक, यौन शोषण की पीडिता और उसके परिवार की पहचान को गोपनीय रखा जाता है। नाम तक सार्वजनिक नहीं किया जाता। पीड़िता का एक प्रतीक-नाम तय कर लिया जाता है। मीडिया में भी वही नाम छापा जा सकता है। बेशक राहुल गांधी के संबोधन के 45 दिन बाद दिल्ली पुलिस ने उन्हें नोटिस दिया और आनन-फानन में उनके आवास पर भी धमक गई, लेकिन इसी दलील पर यह मुद्दा छोड़ा नहीं जा सकता। दरअसल यहीं से सियासत की शुरूआत होती है। राजस्थान के कांग्रेसी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने यहां तक बयान दे दिया कि ऊपर के आदेश के बिना पुलिस इस तरह आ ही नहीं सकती।

## विचार

# आओ लफ़्जों को जुबां से संभलकर निकालें

**किशन भावनानी**

**अंतरराष्ट्रीय** स्तरपर किसी भी देश को सुचारू रूप से चलाने के लिए संविधान की आवश्यकता पड़ती है।संविधान, कानूनों का एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है, जो सरकार की मूल संरचना और इसके कार्यों को निर्धारित करता है, जो सरकार के अंगों तथा नागरिकों के आधारभूत अधिकारों को परिभाषित तथा सीमांकित करता है।भारत में भी संविधान पारित - 29 अगस्त 1947 को वी एन राव द्वारा तैयार किए गए संविधान के प्रारूप पर विचार विमर्श करने के लिए डॉ भीमराव आंबेडकर की अध्यक्षता में प्रारूप समिति का गठन किया गया। 21 फरवरी 1948 को समिति ने अपनी रिपोर्ट संविधान सभा में पेश की। पहले और दूसरे वाचन के बाद 7,635 संशोधन पेश किए गए, जिनमें से 2,437 को स्वीकार कर लिया गया। तीसरा वाचन 14-26 नवंबर 1949 को पूरा हुआ और संविधान सभा द्वारा संविधान को पारित कर दिया गया। साथियों बात अगर हम दिनांक 23 मार्च 2023 को लोकसभा में विपक्ष के युवा नेता को दो वर्ष की सजा की करें तो, उन्होंने 2019 में कर्नाटक की चुनावी रैली में विवादित बयान दिया था। रैली कर्नाटक के कोलार में थी और उन्होंने मोदी सरनेम पर टिप्पणी की थी। एक नेता और विधायक ने उनके बयान के खिलाफ मानहानि का केस सूरत में किया था। बयान था, सभी चोरों का सरनेम मोदी क्यों होता है। इस बयान से जुड़े मानहानि केस में युवा नेता को सूरत कोर्ट ने गुरुवार को दोषी करार दिया। इस फैसले के 27 मिनट बाद कोर्ट ने उन्हें दो साल की जेल की सजा सुनाई और 15 हजार का जुमार्ना भी लगाया। इसके कुछ देर बाद कोर्ट ने उन्हें जमानत भी दे दी। साथ ही सजा को 30 दिन के लिए स्थगित कर दिया। सुनवाई के दौरान युवा नेता कोर्ट में मौजूद रहे। उनको आईपीसी की धारा 499 और 500 के तहत दोषी करार दिया गया है। इसमें 2 साल की सजा का प्रावधान है। उनके वकील ने कोर्ट से कहा- इस पूरी घटना में कोई घायल नहीं हुआ। इससे किसी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। इसलिए हम किसी प्रकार की दया की याचना नहीं करते हैं। युवा नेता कोर्ट में अपना पक्ष रखा। उनके वकील के मुताबिक, उन्होंने कहा कि बयान देते वक्त मेरी मंशा गलत नहीं थी।

मैंने तो भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाई थी।' उधर, कोर्ट के बाहर विधायक और याचिकाकर्ता और उनके समर्थकों ने नारे लगाए। सजा के बाद युवा नेता बोले- सत्य मेरा भगवान है। उनकी बहन ने कहा- मेरे भाई न कभी डरे हैं, न कभी डरेंगे। युवा नेता पर पिछले 4 साल से मानहानि का मामला चल रहा था। कोर्ट ने 17 मार्च को इस मामले में सभी दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रखा था।इसके पूर्व भी यूपी के एक बहुत बड़े नेता को 2 वर्ष की सजा सुनाई गई है।

साथियों हम अधिकारों को लेकर बहुत सतर्क, सजग और चौकस रहते हैं। संविधान प्रदत्त मौलिक अधिकारों की बात आते ही हमारा लहजा शिकायती हो जाता है। सही मुंह और मूड को बुरा सा बनाकर सरकारों और संवैधानिक संस्थाओं पर तोहमत लगाने लगते हैं। हमें यह नहीं मिल रहा है हमें वो नहीं हासिल है। हमें इसकी आजादी चाहिए हमें उसकी आजादी चाहिए। बहुत खूब! दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश के नागरिकों का यह जोश और जज्बा किसी को भी उनकी जागरूकता की डिग्री पर सोचने को विवश कर सकता है। सोच का दूसरा पहलू भी देखिए, जिस संविधान ने हमें मौलिक अधिकारों को उपहार के रूप में नवाजा है, उसी ने कर्तव्यों के दायित्वबोध की टोकरी का बोझ और आर्टिकल 19(2) भी सिर पर लाद दिया है जिसकी तरफ हमारा ध्यान शायद कम जाता है। अगर हम आर्टिकल 19 के मौलिक अधिकार दिए हैं तो आर्टिकल 19 (2) के अंतर्गत सम्मेलन के इस अधिकार को निर्बंधित भी किया जा सकता है। इस अधिकार पर प्रतिबंध निम्नांकित आधारों पर किया जा सकता है। किसी भी नागरिक को ऐसी सभा या सम्मेलन आयोजित करने की स्वतंत्रता नहीं दी जा सकती जिससे लोग शांति भंग हो अथवा देश की प्रभुता एवं अखंडता या लोक व्यवस्था संकट में पड़ जाए।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआईः HPHIN / 2012 / 48072

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादकः रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादकः पंकज शर्मा (7018221146)**
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालयः सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालयः कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उत्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं है।


## चिंतन

# जीवन की खुशहाली और अखंड सुहाग का पर्व 'गणगौर

**प्रियंका सौरभ**

**गणगौर** राजस्थानी आन-बान-शान का प्राचीन पर्व हैं। हर युग में कुंआरी कन्याओं एवं नवविवाहिताओं का अपितु संपूर्ण मानवीय संवेदनाओं का गहरा संबंध इस पर्व से जुड़ा रहा है। यद्यपि इसे सांस्कृतिक उत्सव के रूप में मान्यता प्राप्त है किन्तु जीवन मूल्यों की सुरक्षा एवं वैवाहिक जीवन की सुदृढ़ता में यह एक सार्थक प्रेरणा भी बना है। यह पर्व सांस्कृतिक, पारिवारिक एवं धार्मिक चेतना की ज्योति किरण है। इससे हमारी पारिवारिक चेतना जाग्रत होती है, जीवन एवं जगत में प्रसन्नता, गति, संगति, सौहार्द, ऊर्जा, आत्मशुद्धि एवं नवप्रेरणा का प्रकाश परिव्याप्त होता है। यह पर्व जीवन के श्रेष्ठ एवं मंगलकारी व्रतों, संकल्पों तथा विचारों को अपनाने की प्रेरणा देता है। गणगौर राजस्थान एवं मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के निमाड़, मालवा, बुंदेलखण्ड और ब्रज क्षेत्रों का एक त्यौहार है जो चैत्र महीने की शुक्ल पक्ष की तृतीया (तीज) को आता है। इस दिन कुँवारी लड़कियाँ एवं विवाहित महिलाएँ शिवजी (इसर जी) और पार्वती जी (गौरी) की पूजा करती हैं। पूजा करते हुए दूब से पानी के छींटे देते हुए "गोर गोर गोमती" गीत गाती हैं। इस दिन पूजन के समय रेणुका की गौर बनाकर उस पर महावर, सिन्दूर और चूड़ी चढ़ाने का विशेष प्रावधान है। चन्दन, अक्षत, धूपबत्ती, दीप, नैवेद्य से पूजन करके भोग लगाया जाता है। गण (शिव) तथा गौर (पार्वती) के इस पर्व में कुँवारी लड़कियाँ मनपसन्द वर पाने की कामना करती हैं। विवाहित महिलायें चैत्र शुक्ल तृतीया को गणगौर पूजन तथा व्रत कर अपने पति की दीघार्यु की कामना करती हैं। होलिका दहन के दूसरे दिन चैत्र कृष्ण प्रतिपदा से चैत्र शुक्ल तृतीया तक, 18 दिनों तक चलने वाला त्योहार है -गणगौर। यह माना जाता है कि माता गवरजा होली के दूसरे दिन अपने पीहर आती हैं तथा अठारह दिनों के बाद ईसर (भगवान शिव ) उन्हें फिर लेने के लिए आते हैं ,चैत्र शुक्ल तृतीया को उनकी विदाई होती है। गणगौर की पूजा में गाये जाने वाले लोकगीत इस अनूठे पर्व की आत्मा हैं। इस पर्व में गवरजा और ईसर की बड़ी बहन और जीजाजी के रूप में गीतों के माध्यम से पूजा होती है तथा उन गीतों के उपरांत अपने परिजनों के नाम लिए जाते हैं।

# इज्जत का दरवाजा

**डॉ. सुरेश कुमार**

**उसके घर** बैंक वाले आए थे। लोन देने के लिए नहीं वसूलने के लिए। बहुत देर की जिरह के बाद उन्होंने उसके घर का दरवाजा उखाड़ दिया। उसे अपने साथ ले जाने लगे। मुझे लगा हो न हो इस दरवाजे में कुछ खास है। इतने दिन उसके घर आया गया हूँ उधारी में बहुत सारी चीजें ली भी हैं, लेकिन कभी दरवाजे पर ध्यान नहीं दिया। लंबवत आयताकार वाला दरवाजा सागवान की लकड़ी का बना हुआ था। एक अरसा हुआ उसे रंगे हुए लेकिन अभी भी मजबूत था। बैंक वाले दरवाजा क्या ले गए मानो उसकी जान ले गए। घर वाले छाती पीट-पीटकर रोने-बिलखने लगे। ये पुरानी चीजें भी कब कूड़ा-कचरे की कैटगरी से उठकर मीठी यादें बन जाती हैं, पता ही नहीं चलता। पुरानी चीजों का तिरस्कार बड़ा दुखदायी होता है, क्योंकि हर एक नई चीज कभी न कभी पुरानी पड़ती ही है। नए के चक्कर में पुराने से मुँह मोड़ना संवेदना की कमी का प्रतीक है। मैंने उससे पूछा कि बैंक वाले दरवाजा क्यों ले जा रहे हैं? तो उसने रोते हुए कहा झ्र क्या बताऊँ तुम्हें कि मुझ पर क्या बीत रही है? मैंने बैंक वालों से एक लाख रुपए का कर्जा लिया था। कर्जा देते समय उन्होंने मुझे मुस्कुराते हुए लाख हिदायतें दी थीं कि समय पर कर्जा चुका देना। वरना ब्याज बढ़ने का चक्कर हमेशा बना रहता है। ब्याज और लड़की देखते-देखते बढ़ जाते हैं। मैं फसल के भरोसे था। असमय बरसात के चलते सारी फसल बर्बाद हो गई। सरकार ने इस नुकसान की भरपाई के लिए मुआवजा दिया। उसमें मैं नहीं था। वह क्या था कि उनकी नजर में गरीबों की फसल कभी बर्बाद नहीं होती, होती है तो केवल अमीरों की। मुआवजा अमीरों को मिला और मुझे लानत। कमाल की बात तो यह थी कि मुआवजा उन अमीरों को भी मिला जिनकी ढेर सारी बंजर जमीनें थीं। सच है मुआवजा फसल की बर्बादी देखकर नहीं लोगों की हैसियत देखकर दिया जाता है। वह आगे कहने लगा मैं बैंक वालों का कर्जा चुकाने में असमर्थ था। बाजार से जो कर्जा लिया था उसे चुकाने के लिए गाय-गोरू सब बेच दिए। अब मेरे पास कुछ नहीं था। बैंक वाले कई दिनों से धमका रहे थे। सोचा बैंक वाले हैं आज नहीं तो कल माफ कर ही देंगे। लेकिन मैं गलत था।



# जाह्नवी कपूर

## ने शुरू की साउथ डेब्यू फिल्म की शूटिंग, इस RRR एक्टर संग आएंगी नजर

अभिनेत्री जाह्नवी कपूर (Janhvi Kapoor) ने साल 2018 में फिल्म धड़क से बॉलीवुड इंडस्ट्री में डेब्यू किया था। इस फिल्म ने पर्दे पर ठीक-ठाक कमाई की थी। वहीं जाह्नवी कपूर साउथ इंडस्ट्री में भी डेब्यू करने जा रही है।एक्ट्रेस ने जन्मदिन के मौके पर अपनी साउथ फिल्म 'एनटीआर 30' का ऐलान किया था। वहीं आज यानी 23 मार्च से उन्होंने इस फिल्म शूटिंग शुरू कर दी है। इसकी झलक उन्होंने सोशल मीडिया पर शेयर की है।

**हैदराबाद में शुरू हुई शूटिंग**

जाह्नवी कपूर ने इंस्टाग्राम पर गुरुवार सुबह तीन तस्वीरें साझा करते हुए फैंस को बताया है कि उन्होंने अपनी साउथ डेब्यू फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। पहली तस्वीर में एक्ट्रेस कैमरे में पोज देती नजर आ रही है जबकि दूसरी तस्वीर में उन्होंने 'एनटीआर 30' का क्लैपबोर्ड साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा- शुभ दिन ????????। सबसे खास सफर की शुरुआत **#NTR**30। बता दें, फिल्म की शूटिंग हैदराबाद में शुरू हुई है।



**जूनियर एनटीआर संग आएंगी नजर**

बता दें, एक्ट्रेस इस फिल्म में साउथ के सुपरस्टार जूनियर एनटीआर के साथ नजर आएंगी। फिल्म में एनटीआर के साथ जान्हवी कपूर लीड रोल में हैं। ये फिल्म 5 अप्रैल 2024 को वर्ल्ड वाइड रिलीज होगी। हाल ही में उन्होंने सोशल मीडिया पर फिल्म का पोस्टर शेयर किया था।

**एक्ट्रेस का सपना हुआ सच**

उन्होंने पोस्टर शेयर कर लिखा था, आखिरकार यह होने जा रहा है। मेरे पसंदीदा जूनियर एनटीआर के साथ काम करने का बेसब्री से इंतजार कर रही हूं। फिल्म को एनटीआर आर्ट्स प्रोडक्शन कंपनी के हरी कृष्णा के और युवा सुंधा आर्ट्स के सुधाकर मिकिलिनेनी प्रोड्यूस कर रहे हैं। फिल्म में अनिरुद्ध रविचंद्रन का म्यूजिक है जबकि आर रत्नावेलु कैमरा डायरेक्टर के तौर पर काम कर हे हैं।



# अनुष्का शर्मा

## और विराट कोहली ने अपनी-अपनी NGO को किया मर्ज, लोगों की भलाई के लिए अब साथ करेंगे काम

फिल्म एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा और विराट कोहली दो अलग-अलग एनजीओ चलाते थे। अब दोनों ने अपने एनजीओ को मर्ज कर एक ही एनजीओ बनाने का निर्णय लिया है। दोनों ने बुधवार को इस बात की घोषणा की थी और उनके नए एनजीओ का नाम सेवा होगा। दोनों ने इसे लेकर एक आधिकारिक बयान भी जारी किया है। जोकि काफी वायरल हो रहा है।

**अनुष्का और विराट ने एक ज्वाइंट स्टेटमेंट भी जारी किया है**

अनुष्का शर्मा और विराट कोहली ने एक ज्वाइंट स्टेटमेंट भी जारी किया है। उन्होंने यह भी कहा कि उनका एनजीओ सभी की सहायता करेगा और यह किसी भी कॉज से जुड़ा हुआ नहीं होगा। उन्होंने लिखा है, कालीन गिबरान के शब्दों के अनुसार सच में जीवन दूसरे को जीवन को देता है, जब आप दाता बनते हैं।

हम इसके साक्षी हैं। इस भावना के साथ हमने साथ काम करने का निर्णय लिया है। हम सेवा के माध्यम से कई लोगों तक पहुंचने का प्रयास करेंगे। वक्तव्य में आगे लिखा है, सेवा का काम किसी भी एक कारण पर आधारित नहीं होगा। यह लोगों की सामाजिक उन्नति पर काम करेगा। इसमें मानवता को भी ध्यान में रखा जाएगा जो कि आज के समय की आवश्यकता है।

**अनुष्का शर्मा और विराट कोहली के अलग-अलग NGO थे**

गौरतलब है कि मर्जर से पहले अनुष्का शर्मा के एनजीओ का नाम अनुष्का शर्मा फाउंडेशन था। वहीं, विराट कोहली के एनजीओ का नाम विराट कोहली फाउंडेशन था। विराट कोहली क्रिकेट और स्पोर्ट्स में स्कॉलरशिप देते रहेंगे। वहीं, वह कई एथलीट को स्पॉन्सर भी करते रहेंगे। अनुष्का शर्मा एनिमल वेलफेयर से जुड़ी रहेंगी। सेवा के माध्यम से अब दोनों ऐसे क्षेत्र में काम करेंगे, जहां सेवा कर लोगों का भला कर सकें।

**अनुष्का शर्मा और विराट कोहली को एक बेटी भी है**

अनुष्का शर्मा और विराट कोहली ने शादी कर ली है। दोनों को एक बेटी भी है। अनुष्का शर्मा जल्द चकड़ा एक्सप्रेस नामक फिल्म में नजर आने वाली है। वहीं, विराट कोहली इन दिनों भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले जा रहे मैच व्यस्त हैं। विराट कोहली ने भारत के लिए कई मैच जिताऊ पारियां खेली है। वहीं, अनुष्का शर्मा ने कई फिल्मों में अहम भूमिका निभाई है। उनकी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर अच्छा व्यापार करती है। वह जल्द कई फिल्मों में नजर आनेवाली है।

## 'बेबो' थीं शाहरुख की सुपरहिट फिल्म की पहली पसंद, एक्ट्रेस ने किया रिजेक्ट, दीपिका पादुकोण की चमकाई किस्मत



करीना कपूर (Kareena Kapoor) ने साल 2000 में अभिषेक बच्चन (Abhishek Bachchan) के साथ फिल्म 'रिफ्यूजी' से बॉलीवुड में कदम रखा था. फिल्म 'कभी खुशी कभी गम' और 'जब वी मेट' (Jab We Met) में करीना कपूर के चुलबुले किरदार बॉलीवुड के आइकॉनिक किरदारों में शामिल हैं. तो वहीं बेबो ने 'तलाश' और 'उड़ता पंजाब' जैसी फिल्मों में काफी सीरियस रोल भी अदा किया था. अपने दो दशक के लंबे करियर के दौरान इस एक्ट्रेस ने कई सुपरहिट फिल्में दी हैं. हालांकि, कई ऐसी भी ब्लॉकबस्टर फिल्में रहीं हैं जिन्हें बेबो ने रिजेक्ट कर दिया था और उन फिल्मों ने दूसरे एक्टर्स की किस्मत ही चमका दी.आज करीना कपूर को ऑफर हुई एक ऐसी ही फिल्म से जुड़ा एक किस्सा बताने जा रहे हैं. आज से 10 साल पहले रिलीज हुई इस फिल्म ने तहलका ही मचा दिया था. करीना कपूर को कहीं न कहीं इस फिल्म को रिजेक्ट करने का अफसोस तो जरूर हुआ होगा. जिस फिल्म कि यहां बात हो रही है वो है रोहित शेट्टी की धमाकेदार एक्शन और जबरदस्त कॉमिडी से भरपूर फिल्म 'चेन्नई एक्सप्रेस' है.

**'तलाश' की शूटिंग में थीं व्यस्त-**

'चेन्नई एक्सप्रेस' में 'मीनम्मा' का चुलबुला किरदार अदा करने के लिए रोहित शेट्टी की पहली पसंद करीना कपूर थीं. ये डायरेक्टर फिल्म में बेबो और किंग खान को लीड रोल में कास्ट करना चाहते थे, लेकिन ऐसा हो न सका. एक इंटरव्यू में करीना कपूर ने खुद ये खुलासा किया था कि रोहित शेट्टी ने उन्हें 'चेन्नई एक्सप्रेस' ऑफर की थी, पर उस वक्त एक्ट्रेस आमिर खान और रानी मुखर्जी की फिल्म 'तलाश' की शूटिंग में व्यस्त थीं. इस वजह से बेबो ने रोहित शेट्टी की फिल्म को रिजेक्ट कर दिया था.

**दीपिका का अभिनय था लाजवाब-**

करीना द्वारा रिजेक्ट किए जाने के बाद डायरेक्टर ने ये फिल्म दीपिका पादुकोण को ऑफर की और एक्ट्रेस ने बिना समय गवाए इस फिल्म के लिए हां कर दी. दीपिका पादुकोण ने फिल्म में साउथ इंडियन गर्ल 'मीनम्मा' के किरदार को बखूबी निभाया था. 'चेन्नई एक्सप्रेस' में एक्ट्रेस के एक्सप्रेशन और बोलचाल वाकई काबिल-ए-तारीफ थे. इस फिल्म ने रिलीज होते ही बॉक्स-ऑफिस पर बवाल मचा दिया था.

## पहले सीरीज का नाम सुनते ही ठुकराया, फिर उसी से बदल गया आदिति राव हैदरी का करियर! खुद बताया मजेदार किस्सा



जी-5 पर रिलीज हुई सीरीज ताज डिवाइडेड बाइ ब्लड ( Taj: Divided by Blood) रिलीज के बाद से ही चर्चा में है. सीरीज की खूब तारीफ की जा रही है. साथ ही लोगों को ये सीरीज पसंद भी आ रही है. नसीरुद्दीन शाह, धर्मेंद्र और अदिति राव हैदरी स्टारर ये सीरीज मुगल बादशाह अकबर और उनके परिवार में शाही गद्दी की जद्दोजहद को दिखाती है.

हाल ही में News18 को दिए इंटरव्यू में अदिति राव हैदरी ने बताया कि उन्हें ये सीरीज पसंद नहीं आई थी. अदिति इस सीरीज के बाद आईएमडीबी की फेवरिट स्टार्स की सूची में शामिल हो गई हैं. इस सीरीज में अदिति के काम की खूब तारीफ हो रही है. साथ ही अदिति को भी इसमें काम करके काफी मजा आया है. हाल ही में अपनी सीरीज को प्रमोट करने न्यूज18 स्टूडियो में पहुंची अदिति ने बताया कि इस सीरीज का ऑफर आने के बाद मैंने इसे नाम सुनते ही मना कर दिया था.

**पहले ही रिजेक्ट कर दिया थी ऑफर**

अदिति बताती हैं, 'जब मुझे अनारकली के किरदार का ऑफर आया तो मुझे कोई खास बात नहीं लगी. लेकिन मुझे ये पता था कि मुगले आजम एक बार बन गई है, लोगों ने लेजेंड एक्ट्रेस मधुबाला को अनारकली के किरदार में देख लिया है. साथ ही उनके जैसा शायद ही कोई और काम कर पाएगा. यही सोचकर मैंने पहले इस सीरीज के किरदार को मना कर दिया था. लेकिन जब फिल्म के राइटर्स ने मुझे स्टोरी सुनाई तब जाकर मुझे लगा कि ये अनारकली मुगलेआजम की नहीं है. इस सीरीज को करने के बाद मुझे भी काफी मजा आया. सबसे ज्यादा अच्छा लगा कि लोगों को भी ये सीरीज पसंद आ रही है'.

सीरीज में राहुल बोस, जरीना वहाब, पद्मा दामोदरन जैसे कई दिग्गज एक्टर्स शामिल हैं. सीरीज की जमकर तारीफ की जा रही है. फिल्म को लेकर आईएमडीबी पर भी लोगों ने 7.1 की रेटिंग दी है. इंटरव्यू के दौरान अदिति राव हैदरी ने अपने चमकते चेहरे का भी राज बताया. दर्शकों को भी अपनी स्किन केयर के टिप्स दिए.

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ ऊना ▸ 25 मार्च 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# जूट के लिए 5050 रुपये प्रति क्विंटल एमएसपी को मंजूरी

## केंद्र सरकार के कर्मचारियों को महंगाई भत्ते की अतिरिक्त किस्त और पेंशनभोगियों को महंगाई राहत की किस्त जारी करने की मंजूरी

**टीम एक्श्न इंडिया/नई दिल्ली**
**कैबिनेट** ने 2023-24 सीजन के लिए कच्चे जूट के लिए 5050 रुपये प्रति क्विंटल एमएसपी को मंजूरी दी है। इससे उत्पादन लागत पर 63.20 प्रतिशत का रिटर्न सुनिश्चित होगा।
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कैबिनेट के फैसलों की जानकारी दी।
पीएमयूवाई लाभार्थियों को एक बड़ी राहत देते हुए और उन्हें उच्च एलपीजी कीमतों से बचाने के लिए कैबिनेट ने आज प्रति वर्ष 12 रिफिल तक 200 रुपये प्रति 14.2 किलोग्राम सिलेंडर की सब्सिडी को मंजूरी दी है।
कैबिनेट ने आज 01.01.2023 से बकाया केंद्र सरकार के कर्मचारियों को महंगाई भत्ते की अतिरिक्त किस्त और पेंशनभोगियों को महंगाई राहत की किस्त जारी करने की मंजूरी दे दी है। इससे 47.58 लाख कर्मचारियों और 69.76 लाख पेंशनरों को लाभ मिलेगा। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के लाभार्थियों को प्रति वर्ष 12 रिफिल तक 14.2 किलोग्राम के एक सिलेंडर पर 200 रुपये की सब्सिडी को एक साल और बढ़ाने को मंजूरी दे दी है। पीएमयूवाई के 1 मार्च 2023 तक 9.59 करोड़ लाभार्थी हैं।
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने आज उक्त आशय के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की। केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए कहा कि विभिन्न भू-राजनीतिक कारणों से एलपीजी की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में तेजी से वृद्धि अब भी जारी है। ऐसे में पीएमयूवाई लाभार्थियों जोकि महिलाएं हैं को एलपीजी की ऊंची कीमतों से बचाने के लिए यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। इस पर वित्त वर्ष 2022-23 के लिए कुल व्यय 6,100 करोड़ रुपये और 2023-24 के लिए 7,680 करोड़ रुपये होगा। सब्सिडी सीधे पात्र लाभार्थियों के बैंक खातों में जमा की जाती है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियां अर्थात इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल), भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) 22 मई, 2022 से पहले ही यह सब्सिडी प्रदान कर रही हैं। ठाकुर ने बताया कि सार्वजनिक तेल कंपनियों को उनकी बकाया राशि दी जा चुकी है।





### एलपीजी पर मिलने वाली 200 रुपये की सब्सिडी को 1 साल और बढ़ाया गया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के लाभार्थियों को प्रति वर्ष 12 रिफिल तक 14.2 किलोग्राम के एक सिलेंडर पर 200 रुपये की सब्सिडी को एक साल और बढ़ाने को मंजूरी दे दी है। पीएमयूवाई के 1 मार्च 2023 तक 9.59 करोड़ लाभार्थी हैं।
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने आज उक्त आशय के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की। विभिन्न भू-राजनीतिक कारणों से एलपीजी की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में तेजी से वृद्धि अब भी जारी है। ऐसे में पीएमयूवाई लाभार्थियों जोकि महिलाएं हैं को एलपीजी की ऊंची कीमतों से बचाने के लिए यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है।

## न्यूज फ्लैश

### पंजाब में सरहद पार से फिर आए हथियार

**टीम एक्शन इंडिया/अमृतसर**
पंजाब में खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह के खिलाफ चलाए गए अभियान के बीच अब पाकिस्तान पार से एक बार फिर हथियारों की खेप भेजी गई है। मगर, इरत्रजवानों की सतर्कता के चलते पाक में बैठे गैंगस्टरों व तस्करों की कोशिश नाकामयाब हो गई। मिली जानकारी के अनुसार यह खेप ड्रोन के माध्यम से भेजी गई। फिलहाल इरत्रके जवानों ने खेप को जब्त करके कार्रवाई शुरू कर दी है।
मिली जानकारी के अनुसार बीएसएफ ने इस खेप को गुरदासपुर सेक्टर के अंतर्गत आते डेरा बाबा नानक में पड़ती मेतला के पास से जब्त किया है।
दरअसल, रात बीएसएफ जवान गश्त पर थे। तभी जवानों को ड्रोन की आवाज सुनाई दी। जवानों ने ड्रोन की आवाज की तरफ 54 राउंड फायरिंग की, लेकिन ड्रोन वापस जाने में कामयाब हो गया। गंभीरता को देखते हुए रात के समय ही सर्च अभियान चलाया गया। जिसके बाद सरहद के पास से जवानों को पीले रंग का पैकेट मिला।
**डिब्बे में थी हथियारों की खेप:** सुरक्षा जांच के बाद जब पैकेट को खोला गया तो इसमें हथियारों की खेप मिली। पीले रंग के पैकेट के अंदर लकड़ी का बक्सा बनाया गया था, ताकि ड्रोन से फेंके जाने पर हथियारों को नुकसान ना हो। पैकेट में से 5 पिस्टल और 10 मैगजीन और 91 राउंड जब्त किए गए हैं।

### आपको छुआ तो लोग कहेंगे नाक पोंछ रहा: राहुल गांधी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को संसद से बाहर आते वक्त मल्लिकार्जुन खड़गे से कहा कि अगर मैं आपको छू लूंगा तो लोग कहेंगे कि मैं अपनी नाक आप पर पोंछ रहा हूं। आपने देखा है वो, जिसमें मैं आपकी मदद कर रहा था तो लोग कह रहे थे कि मैं अपनी नाक आप पर पोंछ रहा हूं। राहुल गांधी यह बात खड़गे से कह रहे हैं। इसका वीडियो शुक्रवार को सामने आया। इसमें राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और सोनिया गांधी संसद से बाहर आते दिख रहे हैं। पहले सोनिया गांधी, बाहर आईं। इसके बाद राहुल खड़गे का हाथ पकड़कर सीढ़ियों से उतरने में उनकी मदद कर रहे हैं। इसी दौरान राहुल ने खड़गे से यह बात कही। दरअसल, कुछ दिन पहले ही राहुल का एक वीडियो काफी वायरल हो रहा था। इसमें देखा गया था कि राहुल गांधी जब मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ संसद की तरफ जा रहे थे, तब उन्होंने अपना हाथ पहले नाक पर रखा और फिर खड़गे के कंधे पर रख दिया। इसी को लेकर कुछ सोशल मीडिया यूजर ने वीडियो को शेयर करते हुए कहा था कि राहुल ने अपना हाथ नाक से हटाने के बाद मल्लिकार्जुन खड़गे पर रखा। वे अपनी नाक पोंछ रहे थे। इसे लेकर राहुल को बहुत ट्रोल किया गया था। कुछ यूजर्स ने यह भी कहा था कि राहुल कांग्रेस के बाकी नेताओं को टिश्यू पेपर समझते हैं।

### पड़ोसियों पर चाकू से हमला, तीन की मौत

**मुंबई:** मुंबई के ग्रांट रोड में स्थित पार्वती मेंशन बिल्डिंग में एक व्यक्ति ने शुक्रवार दोपहर तकरीबन साढ़े तीन बजे अपने पांच पड़ोसियों पर चाकू से हमला कर दिया। इस हमले में एक दंपती सहित तीन लोगों की मौत हो गई जबकि दो लोगों का इलाज नायर अस्पताल में चल रहा है। इस घटना की जानकारी मिलते ही डीबी मार्ग पुलिस स्टेशन की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और आरोपित व्यक्ति चेतन गाला को गिरफ्तार कर लिया।

## जनता का हित हमारे लिए सर्वोपरि: धामी



**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि जन भावनाओं का सम्मान और जनता का हित हमारे लिए सर्वोपरि है। सरकार की नीति और नीयत, दिशा और लक्ष्य स्पष्ट है। इसी मुहिम को अभियान बनाकर राज्य के विकास यात्रा को आगे बढ़ाते रहेंगे। शुक्रवार को शिव जूनियर हाई स्कूल थेवा, मालदेवता में वर्तमान सरकार के एक वर्ष पूरे होन के पर मुख्यमंत्री पुष्करसिंह धामी ने आयोजित बहुउद्देशीय शिविर और जनसभा को संबोधित करते यह बातें कही। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का भी अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि रायपुर विधानसभा क्षेत्र के सुनियोजित विकास के लिए मास्टर प्लान बनाया जाएगा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की महान जनता ने इतिहास में पहली बार किसी सरकार को दोबारा सत्ता में लाने का कार्य किया है। रायपुर विधानसभा क्षेत्र के सुनियोजित विकास के लिए मास्टर प्लान तैयार किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक साल पूर्व उत्तराखंड के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय जुड़ा था जब पहली बार कोई सरकार चुनावों के बाद पुनः सत्ता में आई। यह जनता के आशीर्वाद एवं प्रेम से संभव हो सका। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में राज्य के अंतर्गत विभिन्न विकास कार्य पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। प्रधानमंत्री का उत्तराखण्ड से कर्म और मर्म का संबंध है।
उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार अंत्योदय की भावना के साथ गरीबों का जीवन आसान बनाने के लिए गुड गवर्नेंस के साथ कार्य कर रही है।



वाराणसी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिनंदन करते हुए यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ।

## यूपी: श्रीराम नवमी तक रहेगी विविध आयोजनों की धूम

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
प्रदेश के संस्कृति विभाग की स्वायत्तशासी संस्था अयोध्या शोध संस्थान ने रामनवमी को भव्य और श्रद्धापूर्वक मनाने के लिए उत्सव श्रृंखला आयोजित की है। प्रदेश के 40 से अधिक जिलों में विविध आयोजन किए जा रहे हैं। धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों, देश-विदेश के विद्वानों की चचाओं, प्रतियोगिताओं, श्रीरामचरितमानस के पाठ, शोभा यात्रा सहित विविध कार्यक्रमों के माध्यम से संस्थान का प्रयास रामकथा के मूल और प्रेरक तत्वों को रेखांकित करने और उसकी ओर ध्यान आकृष्ट करने का है। अयोध्या शोध संस्थान के निदेशक डॉ.लवकुश द्विवेदी ने बताया कि श्रीराम नवमी के अवसर पर प्रदेश के 40 जिलों में श्रीराम जन्मोत्सव भए प्रकट कृपाला का आयोजन किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत कलश यात्रा, शोभा यात्रा, झांकी, श्रीरामचरितमानस पाठ, भजन-कीर्तन के कार्यक्रम होंगे तथा कलाकारों द्वारा पारंपरिक सोहर एवं जन्म संबंधी अन्य संस्कार गीत प्रस्तुत किए जाएंगे।

## टीएमसी के घोटालों के खिलाफ जनांदोलन शुरू करेगी भाजपा

**हुगली।** पश्चिम बंगाल में तृणमूल के विभिन्न घोटालों को लेकर हो रहे हंगामे के बीच, राज्य भाजपा ने सत्ताधारी पार्टी के भ्रष्टाचार को उजागर करने हेतु पूरे राज्य में जन आंदोलन शुरू करने का फैसला किया है। भाजपा के हुगली सांगठनिक जिलाध्यक्ष मोहन अदक ने शुक्रवार शाम एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी ने राज्य के लोगों के बीच तृणमूल के घोटालों को उजागर करने के लिए 27 मार्च से 29 मार्च तक जन आंदोलन शुरू करने का फैसला किया है। 27 मार्च को भाजपा राज्य भर के प्रत्येक डीएम कार्यालय में धरना देगी और प्रत्येक जिलाधिकारियों को ज्ञापन सौंपेगी।

## बुन्देलखंड क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ाने के लिए ऐक्शन प्लान तैयार करने के निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**उत्तर** प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने बुन्देलखण्ड क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ाने के लिए विस्तृत ऐक्शन प्लान तैयार करने के निर्देश दिये हैं। मुख्य सचिव ने शुक्रवार को पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में बुंदेलखंड और नैमिषारण्य में पर्यटन की संभावनाओं और लोगों के आवागमन की संख्या बढ़ाने पर मंथन किया गया। इन क्षेत्रों में पर्यटन विकास व फुटफाल बढ़ाने के लिए कंसल्टेंट्स द्वारा किए गए अध्ययन व शोध का प्रस्तुतिकरण दिया गया। इस दौरान अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने कहा कि बुन्देलखण्ड क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ाने के लिए सूक्ष्म, लघु एवं दीर्घ कालिक ऐक्शन प्लान तैयार करें। हैरिटेज साइट को पीपीपी मोड पर डेस्टिनेशन होटल, रिजॉर्ट्स, म्यूजियम, फुडकोर्ट आदि के रूप में विकसित करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि कई धार्मिक स्थलों या हैरिटेज साइट को जोड़कर एक टूर पैकेज तैयार कर लोगों को भ्रमण कराया जा सकता है। इन स्थानों से संबधित त्योहारों या संस्कृति से संबंधित एक्टिविटी कराएं। लोगों को जागरूक करने व उनके अंदर इन स्थानों पर जिज्ञासा उत्पन्न करने के लिए ब्लॉग लिखवाएं और सोशल मीडिया पर व्यापक प्रचार प्रसार कराएं। इन स्थानों पर बच्चों को पिकनिक पर भेजा जा सकता है। मुख्य सचिव ने कहा कि जिन परियोजनाओं का कार्य एक दो माह में पूरा हो सकते हैं।

**पकड़ने की तैयारी** — सभी प्रमुख मार्गों तथा नाकों पर लगा अमृतपाल का पोस्टर, पगडंडियों पर भी निगहबानी

## अमृतपाल की गिरफ्तारी के लिए इंडो-नेपाल बॉर्डर पर बिछाया जाल

**टीम एक्शन इंडिया/महराजगंज**
**खालिस्तानी नेता** अमृतपाल सिंह की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने को एजेंसियों ने सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता कर लिया है। इंडो-नेपाल बॉर्डर से नेपाल में जाने वाले सभी रास्तों पर सतर्कता बढ़ा दी है। आलम यह है कि नेपाल में जाने वाली पगडंडियों की भी निगहबानी की जा रही है। नेपाल जाने वाले न सिर्फ हर वाहन की जाँच हो रही है बल्कि हर यात्री अथवा व्यक्ति की तलाशी लेने का कार्य हो रहा है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश के बाद सभी सुरक्षा एजेंसियों के जवान को हाईअलर्ट पर हैं।



महाराजगंज की नेपाल से लगी 84 किलोमीटर लम्बे सीमाई इलाके के भीतर से गुजरने वाले सभी प्रमुख रास्तों व नाकों के आलावा पगडंडी रास्तों पर भी चौकसी बरती जा रही है। इन रास्तों पर खालिस्तान समर्थक अमृतपाल के पोस्टर लगा सुरक्षा एजेंसियों ने अपनी मंशा साफ कर दी है। अमृतपाल सिंह के हुलिया बदलकर भागने की आशंका के आधार पर भी सुरक्षा बरती जा रही है। इधर, पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ भी संबंधित थानों व पुलिस चौकियों से जानकारियां ले रहे हैं। एसपी डा. कौस्तुभ यह आशंका जताने से परहेज नहीं कर रहे कि नेपाल में प्रवेश करने के लिए अमृतपाल सिंह पुलिस को चकमा देने की कोशिश करेगा। वह वेश बदल कर भी नेपाल में प्रवेश करने की कोशिश कर सकता है। अब काफी सतर्कता बरती जा रही है। सीमा से सटे नौतनवा, सोनौली के अलावा सभी सन्दिग्ध स्थलों के बाहर भी निगाह रखी जा रही है।

